संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

23 जून 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 271

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी : तत्काल सुनवाई से हाईकोर्ट का इनकार

**लखनऊ ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्ड पीठ ने अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान के वित्तीय प्रबंधन में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से साफ इनकार कर दिया है। अदालत ने मामले की स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसमें ऐसी कोई आपातकालीन या असाधारण स्थिति नहीं है।

## लखनऊ के कोचिंग सेंटर में लगी आग, 15 छात्रों की मौत

### आग लगने पर छह लोग कांच तोडक़र एसी का तार पकडक़र नीचे कूदे

● बचने के लिए बाथरूम में छिपे, दम घुटने से गई जान

संवाददाता

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के अलीगंज इलाके में सोमवार दोपहर एक निजी कोचिंग सेंटर में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि जान बचाने के लिए कई छात्रों को ऊपरी मंजिलों से कूदना पड़ा। सात से आठ लोगों के घायल होने और 15 छात्रों की मौत होने की सूचना है। यह हादसा सरकारी सिस्टम की लापरवाहीं का एक और नमूना है। जिस बिल्डिंग में कोचिंग सेंटर चल रहा था वह बिना फायर एनओसी की बनी है। आग लगते ही कोचिंग सेंटर में मौजूद छात्रों के बीच भगदड़ की स्थिति बन गई। कई छात्रों ने जान बचाने के लिए खिड़कियों और बालकनी से बाहर




निकलने की कोशिश की। मौके पर मौजूद लोगों ने भी राहत कार्य में सहयोग करते हुए छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया। पीछे की दीवार तोडक़र छात्रों को निकाला गया।

अग्निकांड की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने तय कार्यक्रमों को बीच में छोडक़र अलीगढ़ से तुरंत घटना स्थल पहुंचे । मुख्यमंत्री ने इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने कहा है कि दोषियों के खिलाफ बेहद सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। उनसे पहले घटना स्थल पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी पहुंच गए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, एसीएस होम संजय प्रसाद डीजीपी राजीव कृष्णा के अलावा डीएम और दूसरे पुलिस अधिकारी मौके पर बचाव और राहत कार्य में जुटे रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोपहर के समय अचानक इमारत से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे इलाके में हडक़ंप मच गया।

हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग भी भावुक हो गए। कई बच्चों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। राहत और बचाव कार्य के दौरान आसपास के लोगों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर छात्रों को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया। बगल के मकान की छत से कोचिंग सेंटर की दीवार तोडक़र अंदर फंसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश की गई। मौके पर मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि घटना के वक्त कई बच्चे कोचिंग सेंटर के अंदर थे।

## पेट्रोल बम हमला : आरएसएस कार्यालय पहुंची एटीएस, खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

संवाददाता

**रांची ।** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित निवारणपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत कार्यालय पर हुए पेट्रोल बम हमले की जांच अब और व्यापक होती जा रही है। मामले की गंभीरता और इसके संभावित सुरक्षा पहलुओं को देखते हुए आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने जांच की कमान संभाल ली है। घटना के पीछे की साजिश, हमलावरों की मंशा और संभावित नेटवर्क का पता लगाने के लिए एटीएस की विशेष टीम लगातार जांच में जुटी हुई है।

सोमवार को एटीएस के वरिष्ठ अधिकारियों और जवानों की एक टीम संघ कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच दल ने हमले से प्रभावित स्थानों का अवलोकन करने के साथ-साथ घटना के समय मौजूद लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों से भी



पूछताछ की। अधिकारियों ने घटनाक्रम को समझने के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सूचनाओं और साक्ष्यों को भी एकत्रित किया।

अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। घटना से पहले और बाद की गतिविधियों का विश्लेषण कर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की गहन जांच के लिए एटीएस की फॉरेंसिक टीम भी सक्रिय है। जांचकर्ता यह पता लगाने में जुटे हैं कि हमलावरों ने घटना को किस प्रकार अंजाम दिया, उनके पास किस प्रकार की सामग्री थी और क्या इस हमले के पीछे किसी संगठित समूह या नेटवर्क की भूमिका रही है। सुरक्षा एजेंसियां इस मामले की जांच सभी संभावित कोणों से कर रही हैं। इसमें आपराधिक, सांप्रदायिक, संगठनात्मक और अन्य संभावित पहलुओं को भी ध्यान में रखा जा रहा है। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, डिजिटल ट्रेल और अन्य उपलब्ध जानकारियों का मिलान किया जा रहा है, ताकि घटना की पूरी सच्चाई सामने लाई जा सके। एटीएस अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और विभिन्न तथ्यों की पुष्टि की जा रही है। सभी साक्ष्यों के वैज्ञानिक विश्लेषण और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों तथा इसमें शामिल व्यक्तियों के संबंध में स्पष्ट जानकारी दी जा सकेगी।

उल्लेखनीय है कि 16 जून की देर रात संघ के प्रांत कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमला किया गया था। घटना के बाद रांची पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी, लेकिन मामले की संवेदनशीलता और सुरक्षा संबंधी पहलुओं को देखते हुए जांच बाद में एटीएस को सौंप दी गई। एटीएस ने अपना अलग मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## साहिबगंज : सड़क दुर्घटना में मां-बेटा सहित तीन की मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**बरहरवा-** बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के बरारी गांव के समीप एनएच-80 पर सोमवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया.तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जबकि एक मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार साहेब डांगा गांव निवासी आयशा बीबी उम्र 45 वर्ष, उनके पुत्र इस्माईल उर्फ लालू शेख उम्र 22 वर्ष तथा पुत्री रूली खातून उम्र 18 वर्ष एवं 5 वर्षीय बच्ची मजिया खातून मोटरसाइकिल से फरक्का की ओर से अपने गांव लौट रहे थे. इसी दौरान बरारी गांव




के निकट एनएच-80 पर एक 16 चक्का ट्रेलर संख्या जेएच 16 एच 0025 ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया.टक्कर इतनी भीषण थी कि आयशा बीबी, इस्माईल उर्फ लालू शेख और फतेमा खातून ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं हादसे में घायल मासूम को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है.घटना की सूचना मिलते ही बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है.दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-80 पर जाम लगा दिया. जिससे करीब दो घंटे तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही. बाद में प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस के समझाने-बुझाने पर लोगों ने जाम हटाया. जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका.

सोमवार शाम हुई इस हृदयविदारक घटना से साहेबडांगा गांव में शोक का माहौल है. एक ही परिवार के तीन सदस्यों की एक साथ मौत से परिजन बदहवास हैं और पूरे क्षेत्र में मातम सन्नाटा पसरा हुआ है.

## संक्षिप्त खबरें

### शिवसेना यूबीटी के छह बागी सांसद शिंदे समूह में शामिल

**मुंबई ।** शिवसेना (यूबीटी) के छह बागी सांसद सोमवार को मुंबई में स्थित यशवंतराव सभागृह में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना शिंदे समूह में शामिल हो गए। इन सभी का उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपनी पार्टी में स्वागत किया और कहा कि सभी सांसदों का उचित सम्मान किया जाएगा। साथ ही इन सभी सांसदों के कार्यक्षेत्र में विकास कार्य को प्रमुखता दी जाएगी। मुंबई के यशवंत राव सभागृह में आज धाराशिव से ओमराजे निंबालकर, परभणी से संजय जाधव, मुंबई उत्तर-पूर्व से संजय दीना पाटिल, हिंगोली से नागेश पाटिल अष्टिकर, शिरडी से भाऊसाहेब वाकचौरे और यवतमाल-वाशिम से संजय देशमुख ने शिवसेना शिंदे समूह में विधिवत शामिल हो गए।

### एमएलसी चुनाव में महायुति 17 में से 16 सीटें जीतीं

**मुंबई ।** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों में सत्ताधारी महायुति गठबंधन ने शानदार जीत हासिल की और राज्य में हुई 17 सीटों के चुनाव में से 16 सीटें अपने नाम की हैं। इन नतीजों से महाराष्ट्र की राजनीति पर बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन की पकड़ और मजबूत हो गई है। मतदान से पहले ही महायुति के कई उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा चुके थे, जिससे गठबंधन को बढ़त मिल गई थी। बाकी सीटों पर भी गठबंधन का दबदबा कायम रहा और विपक्षी महा विकास अघाड़ी के हाथ सिर्फ़ एक सीट लगी।

### अलकतरा घोटाला : ठेकेदार को तीन साल की सजा

**रांची ।** झारखंड के चर्चित अलकतरा (बिटुमेन) घोटाला मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए ठेकेदार झमन प्रसाद को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी ठहराए गए ठेकेदार पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस मामले में कुल सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा चलाया गया था।

## शिबू सोरेन को आज मरणोपरांत पद्मभूषण, राष्ट्रपति भवन में रुपी सोरेन और कल्पना ग्रहण करेंगी सम्मान

संवाददाता

**रांची ।** दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन को मिलने वाला पद्मभूषण सम्मान मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में दिया जायेगा। इस सम्मान को उनकी पत्नी रूपी सोरेन और बहु कल्पना सोरेन ग्रहण करेंगी।यह जानकारी झामुमो को केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने



दी। दोनों ही सोमवार को दिल्ली रवाना हो गये हैं। गौरतलब है कि शिबू सोरेन को यह नागरिक सम्मान सार्वजनिक जीवन में उनके लंबे सार्थक योगदान और झारखंड राज्य के गठन में ऐतिहासिक भूमिका निभाने के लिए दिया जा रहा है।शिबू सोरेन का निधन चार अगस्त 2025 को लंबी बीमारी के बाद हो गया था। मरणोपरांत उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है।

## बंगाल में भाजपा का पहला बजट : एक लाख नौकरियां और कर्मचारियों को डीए का तोहफा

### विधायकों की क्षेत्र विकास निधि को 70 लाख से बढ़ाकर सीधे 1 करोड़



एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की नवगठित सरकार ने सोमवार को अपना पहला बजट पेश कर बड़े वित्तीय ऐलान किए हैं, जो राज्य के वित्तीय और सामाजिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देते हैं। सुवेंदु सरकार में वित्त मंत्री स्वप्न दासगुप्ता द्वारा पेश किए गए बजट में विधायकों की क्षेत्र विकास निधि को 70 लाख रुपये से बढ़ाकर सीधे 1 करोड़ रुपये करने का फैसला सबसे प्रमुख रहा, जो राज्य के वित्तीय प्रबंधन में एक बड़ा बदलाव दिखाता है।

इसके साथ ही सुवेंदु सरकार ने एक लाख सरकारी पदों को भरने की घोषणा की है, जिसमें से 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए है, जो रोजगार के मौके बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्त मंत्री दासगुप्ता ने पहले बजट भाषण में पिछली सरकार से 8.15 लाख करोड़ रुपये के भारी कर्ज का जिक्र कर एक बड़ी चुनौती बताया।

## धनबाद : एसबीआई से सवा करोड़ की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 1.25 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में फरार घोषित दो आरोपियों को गिरफ्तार रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी बृजभूषण प्रसाद और करतार सिंह पर झारखंड के धनबाद की भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा से नवंबर 2002 से जून 2005 के बीच 1,25,47,950 रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है।

सीबीआई ने बताया कि दोनों आरोपी जांच के दौरान नेपाल भाग गए थे, जिसके बाद न्यायालय ने उन्हें भगोड़ा घोषित किया और उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किए गए। दोनों आरोपियों को रविवार को दो अलग-अलग कार्रवाइयों में गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने बताया कि बृजभूषण प्रसाद को महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के कोपरगांव से जबकि करतार सिंह को छत्तीसगढ़ के रायपुर से गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने बताया कि नवंबर 2002 से जून 2005 के बीच 1,25,47,950 रुपये की इस धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने अगस्त 2005 के मामला दर्ज किया था।

## झारखंड में कमजोर पड़ा मानसून, 23 जिलों में सामान्य से काफी कम हुई बारिश

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार इस वर्ष अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। राजधानी रांची को छोड़कर राज्य के अधिकांश जिलों में वर्षा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार 01 जून से 22 जून तक राज्य के 24 जिलों में से 23 जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे कृषि गतिविधियों और जलस्रोतों को लेकर चिंता बढ़ने लगी है।

मौसम विभाग की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, गढ़वा जिला सबसे अधिक वर्षा कमी वाले क्षेत्रों में शामिल है। यहां मानसून सीजन के दौरान अब तक केवल एक मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य से 99 प्रतिशत कम है। इसी प्रकार चतरा जिले में मात्र 6.8 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 92 प्रतिशत कम है।

## अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी : कौन क्या लेकर आ रहा है और क्या लेकर जा रहा है, इसकी कोई जांच नहीं होती

● एसआईटी जांच में घोर लापरवाही के चौंकाने वाले खुलासे

एजेंसी

**अयोध्या ।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की रकम में चोरी के बहुचर्चित मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने हर स्तर पर घोर लापरवाही देखी है। एसआईटी की पड़ताल में सामने आया है कि राम मंदिर ट्रस्ट की दानराशि के बैंकिंग संबंधी कार्यों को



देखने वाले भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की प्रक्रियाओं में भी गंभीर चूकें थीं। एसबीआई ने नोट गिनने के लिए वाराणसी की निजी सिक्योरिटी एजेंसी को ठेका दिया था, जो कि अयोध्या के लोकल युवकों को सिफारिश के आधार पर काम पर रखा। इस प्रथा का एक उदाहरण सामने आया, जिसमें अनुकल्प मिश्रा ने अपने साले लवकुश मिश्रा को मंदिर ट्रस्ट में नौकरी पर लगाया था।

जांच समिति एसआईटी ने पाया कि कर्मचारियों के ड्यूटी पर आने-जाने के दौरान कोई चेकिंग नहीं होती थी। कौन क्या लेकर आ रहा है या क्या लेकर जा रहा है, इसकी कोई जांच नहीं होती थी। कर्मचारी सामान्य घरेलू कपड़ों में ही नोट गिनने लगते थे, जबकि सभी के लिए एक निर्धारित ड्रेस कोड था, जिसका पालन नहीं होता था। सीसीटीवी फुटेज की निगरानी में भी लापरवाही मिली। चौंकाने वाली बात यह है कि चोरी करने के लिए कर्मचारी कैमरे के ठीक सामने खड़े होते थे। दान पेटी से लेकर बैंक में राशि जमा होने तक, प्रक्रिया के हर कदम पर लापरवाही उजागर हुई है।

इन अनियमितताओं के बीच, इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें चढ़ावे और दान राशि के कथित गबन व वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से ऑडिट कराने की मांग की गई है।



# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीसी



**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सफल संचालन को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मतदाता सूची के अद्यतन, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन, घर-घर सत्यापन तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य निष्पादन की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में उपायुक्त ने सोमवार को सदर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं एसआईआर-2026 से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को पुनरीक्षण कार्य पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपादित करने का निर्देश देते हुए घर-घर सत्यापन कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि सदर प्रखंड में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान केंद्र संख्या 219, 224, 237, 239, 242, 274, 275, 279, 286, 292 एवं 301 के 11 बीएलओ अनुपस्थित थे। उपायुक्त ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी अनुपस्थित बीएलओ के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने, एक दिन का वेतन काटने तथा नियमानुसार विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं कार्यालय व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी पदाधिकारी व कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जवाबदेही के साथ करें। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दयानंद जायसवाल, अंचलाधिकारी हलधर कुमार सेठी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर और सुविधा संपन्न बनाने की दिशा में कर रही है कार्य : दीपिका पांडे

## मंत्री ने करोड़ों की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**संताल एक्सप्रेस**



**महागामा।** प्रखंड कार्यालय परिसर सोमवार को विकास के महाअभियान का साक्षी बना, जब राज्य सरकार की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने करोड़ों रुपये की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। मंत्री ने क्षेत्र की सड़क, पेयजल, सामुदायिक भवन, आधारभूत संरचना एवं ग्रामीण विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा महागामा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर एवं सुविधासंपन्न बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि नई योजनाओं के धरातल पर उतरने से क्षेत्र में सड़क संपर्क बेहतर होगा, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा ग्रामीणों को सामुदायिक सुविधाओं का व्यापक लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार केवल घोषणाएं करने में विश्वास नहीं रखती, बल्कि विकास योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारकर आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में महागामा विकास की नई पहचान बनेगा। कई जनप्रतिनिधियों ने भी अपने संबोधन में क्षेत्र के लिए स्वीकृत योजनाओं को ऐतिहासिक बताते हुए सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनाराम हांसदा, अंचलाधिकारी खगेन महतो, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, थाना प्रभारी मनोज पाल सहित जिला एवं प्रखंड प्रशासन के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम को महागामा में विकास की नई बयार और क्षेत्र की तस्वीर बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# विधायक प्रदीप यादव ने सरविंधा पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की



**गोड्डा।** पोड़ैयाहाट प्रखंड के सरविंधा गांव में एसआईआर ड्यूटी के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर संजू टुडू की ब्रेन हेमरेज के बाद जीवन लीला समाप्त होने के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। सोमवार को विधायक प्रदीप यादव पीड़ित परिवार से मिलने सरविंधा पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।परिजनों ने आरोप लगाया कि संजू टुडू पर एसआईआर कार्य का प्रतिशत बढ़ाने का लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वे मानसिक तनाव में थीं। उनका कहना है कि इसी तनाव के बीच उनकी तबीयत बिगड़ी और बाद में ब्रेन हेमरेज हो गया। वहीं विधायक प्रदीप यादव ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बीएलओ से अत्यधिक जिम्मेदारी वाला कार्य कराया जाता है, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में हुई ऐसी घटनाओं का भी उल्लेख करते हुए सभी बीएलओ के लिए निःशुल्क जीवन एवं दुर्घटना बीमा लागू करने की मांग की।विधायक ने मृतिका के आश्रितों को 10 लाख रुपये की सहायता राशि, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा राज्य के सभी बीएलओ के लिए बीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग करते हुए चुनाव आयोग से इस दिशा में शीघ्र नीतिगत निर्णय लेने का आग्रह किया।

# बीएलओ को दिया गया मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण



**संवाददाता राजमहल।** राजमहल प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूसुफ की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत् प्रशिक्षण आयोजित किया. जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड अंतर्गत सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित हुए. एवं प्रशिक्षण में मुख्य रूप से कंप्यूटर ऑपरेटर भरत मंडल द्वारा एसआईआर के दौरान बीएलओ की भूमिका पर विस्तृत रूप से जानकारी दी. जिसमें गणना फॉर्म का वितरण, संकलन और ऐप के माध्यम से एंट्री को सावधानी पूर्वक करने का निर्देश दिया. वही बीडीओ मो यूसुफ ने सभी को बताया कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई भी गलत मतदाता शामिल नहीं हो. इसका विशेष ध्यान रखते हुए सभी को अपना शत प्रतिशत देते हुए इस महाअभियान को सफल बनाना है. मौके पर पंचायत राज पदाधिकारी सूर्यनारायण चौधरी, बीपीओ गगन बापू, विजय कुमार, कैलाश वर्मा, राकेश कुमार, संजय सिंह, श्रवण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

# डीसी ने की कृषि विभाग की योजनाओं की तैयारियों की समीक्षा

**संवाददाता साहिबगंज ।** डीसी दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में कृषि विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, खरीफ मौसम की तैयारियों, उर्वरक उपलब्धता, बीज वितरण,एवं कृषि ऋण से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक हुई .बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी सहित विभागीय पदाधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया.बैठक के दौरान डीसी ने जिले में उर्वरकों की खपत, जमाखोरी, डायवर्जन एवं कालाबाजारी की रोकथाम हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई.मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के अंतर्गत संचालित मिट्टी की सेहत और उर्वरता पर राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन की समीक्षा करते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले को कुल 1270 मिट्टी नमूना संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता पर राष्ट्रीय मिशन के तहत् 1020 तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन के तहत् 250 नमूने संग्रहित किए जाने हैं. प्राप्त लक्ष्य को प्रखंडवार निर्धारित करते हुए मिट्टी नमूना संग्रहण कार्य प्रारंभ करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं.

# अवैध शराब मामलें दो तस्कर गिरफ्तार

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। हांसीपहाड़ी रोड स्थित दुकानों में चल रहे कथित अवैध शराब के धंधे का खुलासा रविवार देर रात हुई छापेमारी में हुआ, जहां से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र की कुछ दुकानों में देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है और वहां अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी प्रदीप राणा के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई।अवर निरीक्षक गुलशन कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल ने रात करीब साढ़े दस बजे छापा मारा। तलाशी के दौरान हांसीपहाड़ी निवासी जीतू बाउरी और नंदू यादव उर्फ नन्दलाल यादव को मौके से पकड़ा गया।

# 103 दिन बाद थमा रोजगार सेवकों का आंदोलन




**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड में पिछले 103 दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे रोजगार सेवकों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार समाप्त करते हुए पुनः अपनी सेवाएं शुरू कर दीं। इस फैसले के साथ ही मनरेगा समेत ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के संचालन में फिर से गति आने की उम्मीद बढ़ गई है।रोजगार सेवक संघ के प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम पंडित के नेतृत्व में सभी रोजगार सेवक प्रखंड कार्यालय पहुंचे और लिखित आवेदन देकर अपने-अपने पदों पर योगदान दिया। लंबे समय से चल रहे आंदोलन के कारण कई विकासात्मक कार्य प्रभावित हो रहे थे, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर पड़ रहा था।संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन के सामूहिक निर्णय के बाद जनहित को सर्वोपरि मानते हुए काम पर लौटने का निर्णय लिया गया है। आंदोलन के दौरान मनरेगा योजनाओं की निगरानी, जॉब कार्ड संबंधी कार्य, नई योजनाओं के चयन और अन्य प्रशासनिक गतिविधियां काफी हद तक प्रभावित हुई थीं।

# नींद में थी पत्नी, अस्पताल से लापता हो गया घायल मरीज

**जामताड़ा।** जामताड़ा सदर अस्पताल से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां इलाज के दौरान भर्ती एक मरीज रहस्यमय परिस्थितियों में अस्पताल से गायब हो गया। मरीज की पहचान अशोक चक्रवर्ती के रूप में हुई है, जिन्हें सिर में गंभीर चोट लगने के बाद इलाज के लिए भर्ती कराया गया था।बताया गया कि रविवार देर रात मरीज की देखरेख कर रही उनकी पत्नी को नींद आ गई। सोमवार सुबह जब उनकी आंख खुली तो पति को बेड पर नहीं पाकर वह घबरा गईं। उन्होंने अस्पताल परिसर में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद स्वास्थ्यकर्मियों और अस्पताल प्रशासन को मामले की जानकारी दी गई।घटना की जांच के दौरान अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में सोमवार तड़के 3ः06 बजे अशोक चक्रवर्ती पुरुष वार्ड से बाहर निकलते हुए दिखाई दिए। इसके बाद 3ः07 बजे वह अस्पताल के मुख्य द्वार से बाहर जाते नजर आए।

# पिता के प्रेम और त्याग पर आधारित कवि गोष्ठी




**गोड्डा ।** फादर्स डे के अवसर पर साहित्य संगिनी संस्था द्वारा स्थानीय भागलपुर रोड गांधी नगर स्थित शुभदा विवाह भवन में पिता के प्रेम और त्याग पर आधारित कवि गोष्ठी का आयोजन कर दिवस विशेष को यादगार बना डाला।गोष्ठी का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित करने के पश्चात स्वरचित कविता पाठ से किया। बतौर विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक सह साहित्यकार सुरेश प्रसाद यादव, यूनिक करियर पब्लिक स्कूल पोड़ैयाहाट के निदेशक शशिकांत गुप्ता, सर्वोदय विद्यापीठ ललमटिया के निदेशक नीलकंठ मणि, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष अमित सिंह,शामिल हुए। स्वागत नृत्य की खूबसूरत प्रस्तुति गुरुकुल डांस एकेडमी की छात्राओं ने की।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण



**मेहरमा।** प्रखंड कार्यालय मेहरमा के सभागार में सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित करें, नए पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ें तथा मृत, स्थानांतरित अथवा अयोग्य मतदाताओं के नाम नियमानुसार विलोपित करने की प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील होते हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, जवाबदेही और समयबद्धता के साथ करने का निर्देश दिया गया।बीडीओ ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है।

# ओबीसी एसोसिएशन के कार्यक्रम में महिलाओं ने दिखाया हुनर




**चित्तरंजन।** चित्तरंजन ओबीसी एसोसिएशन के तत्वावधान में भदवार हॉल में एक भव्य योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योग के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिरेका के पीसीई अजय कुमार, सीएमएम महेश कुमार, एसईई इंदु यादव, टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर के प्राचार्य शंकर शर्मा तथा बी. पी. नायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न महिला समूहों ने आकर्षक योगासन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभागियों ने संतुलन, लचीलापन और एकाग्रता का शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। विशेष रूप से अनामिका कुमारी की प्रस्तुति को दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।एसोसिएशन के सचिव गुलाब यादव और अध्यक्ष रजनीश प्रसाद ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का सशक्त माध्यम है। योग प्रशिक्षक संजीव बनर्जी ने नियमित योगाभ्यास के लाभों पर प्रकाश डालते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में सभी महिला प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सुधाकर महतो, शशांक शेखर यादव, राजेश कुमार मंडल, विवेक कुमार यादव, लाल बाबू सिंह, सुरेंद्र चौधरी, राजीव रंजन, रामप्रवेश, गुलजारी रावत और ऐश्वर्या सेन सहित कई सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

# 24 घंटे से गुल रही बिजली, सालगाड़ीह में बढ़ा जनाक्रोश, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**जामताड़ा ।** नारायणपुर प्रखंड के सालगाड़ीह गांव में पिछले 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों का धैर्य जवाब देने लगा है। लगातार अंधेरे में डूबे गांव में भीषण गर्मी और उमस के बीच लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली बाधित होने के बाद विभागीय कर्मियों को कई बार सूचना दी गई, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। इससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। मुखिया मुनिलाल मरांडी समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला।इधर, विभाग के कनिष्ठ अभियंता रफीक आलम ने बताया कि हाल में आई तेज आंधी, बारिश और वज्रपात के कारण कई स्थानों पर बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि तकनीकी टीम को भेजकर खराबी दूर कर जल्द आपूर्ति बहाल की जाएगी।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बेहतर बिजली व्यवस्था के दावे किए गए थे, लेकिन मौजूदा हालात उन दावों की पोल खोल रहे हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली बहाल नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**कुंडहित (जामताड़ा)।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर सोमवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों की दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रखंड सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ जमाले राजा के अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से दिखाया गया। प्रखंड सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी जमाले राजा ने बताया कि एक अक्टूबर 2026 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा। इसके तहत 20 जून से 29 जून तक प्रशिक्षण व प्रिंटिंग कार्य पुरा करना होगा। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण करेंगे। ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन पांच अगस्त को किया जाएगा,जबकि दावा-आपत्ति व निष्पादन की प्रक्रिया पांच अगस्त से 3 अक्टूबर तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सात अक्टूबर 2026 को सभी मतदान केंद्रों पर किया जाएगा। वही सभी बीएलओ एंव बीएलओ सुपरवाइजर को जानकारी देते हुए बताया विशेष गहन पुनरिक्षण कार्य निष्पक्ष एवं बीना किसी के दवाव पर कार्य को सम्पन्न करना है।

# जियालमारी में खेतों के बीच बना आंगनबाड़ी केंद्र



**संताल एक्सप्रेस बरहरवा।** बरहरवा प्रखंड की बाटाईल पंचायत अंतर्गत जियालमारी गांव में लाखों रुपये की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र अपनी उपयोगिता पर सवाल खड़े कर रहा है. निर्माण कार्य पूरा हुए करीब दो वर्ष बीत चुके हैं.लेकिन आज तक केंद्र में बच्चों की पढ़ाई, पोषण वितरण अथवा अन्य आंगनबाड़ी गतिविधियों की शुरुआत नहीं हो सकी है. नतीजतन यह भवन उपयोग के अभाव में वीरान पड़ा हुआ है.ग्रामीणों का आरोप है कि जिस स्थान पर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया गया है. वहां तक पहुंचने के लिए समुचित रास्ते की व्यवस्था ही नहीं है. केंद्र खेतों के बीच स्थित होने के कारण छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को वहां तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है.स्थानीय लोगों का कहना है कि जब केंद्र तक पहुंचने के लिए बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं थी. तो आखिर निर्माण के लिए इस स्थान का चयन किस आधार पर किया गया.ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या निर्माण से पहले स्थल का उचित निरीक्षण और आवश्यकता का आकलन किया गया था या फिर सरकारी राशि खर्च कर केवल भवन खड़ा कर दिया गया.

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बसंतराय।** प्रखंड क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में बसंतराय थाना में अभियुक्त के विरुद्ध थाना कांड संख्या 49/26 दर्ज किया गया। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 48 घंटे के भीतर पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं मामले का आरोपी युवक मोहम्मद अकरम, पिता मोहम्मद असलम, उम्र करीब 22 वर्ष, ग्राम परबत्ता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व गांव की एक नाबालिग लड़की अचानक घर से लापता हो गई थी।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा के जामताड़ा जिला अध्यक्ष बने कृष्ण गोपाल महतो



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** अखिल भारत हिन्दू महासभा समाजिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मानु तिवारी ने संगठन का व्यापक विस्तार के तहत नाला विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण गोपाल महतो के लगातार समाजिक हित में अतुलनीय योगदान को देखते हुए अखिल भारत हिन्दू महासभा संगठन के द्वारा जामताड़ा जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही हिन्दू समाज को संगठन के माध्यम से जोड़ने तथा संगठन के विचाधारा से हिन्दू को जोड़कर उनका हक अधिकार हेतु अग्रणीय योजना देना तथा जन जन के बीच जागरुकता फैलाने का अहम भूमिका रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि कृष्ण गोपाल महतो नाला विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी के रुप में जाना जाता है। उन्होंने विभिन्न संगठन के माध्यम से समाजिक उन्नयन, समाजिक विकास, जनसरोकार के हित में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियो को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में जामताड़ा जिला मे अखिल भारत हिन्दू महासभा सशक्त होगा, साथ ही हिन्दू समाज को संगठित करने तथा आगामी कार्यक्रमओ को सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। संगठन उनके उज्जल भविष्य की कामना करता है। हिन्दू महासभा संगठन मे वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण गोपाल महतो को जगह दिए जाने से हिन्दू समाज के लोगो मे काफी उत्साह एवं आपार विश्वास देखा जा रहा है। साथ ही खुशी का माहौल है एवं समाज के लोगो ने उन्हें बधाई दी है। मालूम हो की नाला विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी के रुप मे कृष्ण गोपाल महतो को जाना जाता है उन्होंने पिछड़ी जाति संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद, यादव महासभा जिला महासचिव के साथ ही राष्ट्रीय यादव सेना झारखण्ड प्रदेश उपाध्यक्ष, संगठन सचिव, साक्षर भारत अभियान सहित आदि समाजिक संगठन में दायित्व निभा चुके हैं। धनबाद जिला अध्यक्ष के रुप में अरविंद तिवारी को संगठन के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया है।

# नाला में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** जिले में अवैध खनन एवं बालू परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। जिला खनन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं नाला पुलिस के नेतृत्व में खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर बालू लदे एक ट्रैक्टर जप्त किए।जानकारी के अनुसार नाला-आसनसोल मुख्य मार्ग पर दलाबड़ के समीप बालु लदा बिना नंबर का एक ट्रैक्टर जप्त किया गया।जांच में आवश्यक कागजात एवं परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर एक वाहन को जप्त कर लिया गया।

# जामबाद में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति की बैठक



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत जामबाद स्कूल परिसर में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहिया साथी बनालता घोष ने की। बैठक में स्वास्थ्य, पोषण एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान आगामी पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही एचबीएनसी , एचबीवाईसी तथा परिवार नियोजन कार्यक्रमों की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया गया।इस अवसर पर आभा कार्ड बनवाने, नशा मुक्ति अभियान तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। ग्रामीण महिलाओं को नवजात शिशुओं की देखभाल, स्तनपान और संतुलित पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।

# जामताड़ा में पेंशनधारियों के लिए अभियान शुरू

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के शहरी क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों का विवरण अद्यतन करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नगर पंचायत जामताड़ा और मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) एवं आधार सीडिंग का कार्य तेज करने का निर्देश दिया गया है। नगर पंचायत जामताड़ा में कुल 788 इंदिरा गांधी पेंशनधारी लाभुकों में से 344 लाभुकों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभी तक नहीं बन पाया है। वहीं 54 लाभुकों का आधार नंबर पेंशन पोर्टल से नहीं जुड़ा है। दूसरी ओर, मिहिजाम नगर परिषद में कुल 612 पेंशनधारियों में से 266 का डीएलसी लंबित है तथा 40 लाभुकों का आधार सीडिंग कार्य शेष है। प्रशासन की ओर से दोनों निकाय क्षेत्रों के सभी वार्ड पार्षदों को संबंधित लाभुकों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए एक सप्ताह की समय-सीमा निर्धारित की गई है। निर्देश दिया गया है कि जिन लाभुकों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट नहीं बना है, उनका सत्यापन बेनेफिशियरी वेरिफिकेशन एप के माध्यम से कराया जाए। वहीं जिनका आधार विवरण पोर्टल पर दर्ज नहीं है, उनसे आधार कार्ड की छायाप्रति प्राप्त कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि पेंशन भुगतान में किसी प्रकार की बाधा न आए।


# विश्व वर्षा वन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**संवाददाता राजमहल।** मॉडल कॉलेज राजमहल में सोमवार को प्राचार्य सह पर्यावरणविद् डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में विश्व वर्षा वन दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्षा वनों के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों और समाज में जागरूकता बढ़ाना था.कार्यक्रम के शुरूआत में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रमजान अली ने विश्व वर्षा वन दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वनों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती. उन्होंने कहा कि वर्षा वन पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए इनका संरक्षण हमारा नैतिक दायित्व है. एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वन हमारे जीवन, संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से वनों की सुरक्षा और संवर्धन के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

# मनरेगा कर्मियों का चार महीने बाद पूरी हुई मांग

**संवाददाता बोरियो।** बोरियों प्रखंड कार्यालय में मनरेगा कर्मियों ने चार महीने बाद सोमवार को संयुक्त रूप से सभी रोजगार सेवकों ने बीडीओ नागेश्वर साव को आवेदन सौपकर अपना योगदान दिया. इस दौरान मनरेगा कर्मियों ने बताया कि झारखंड राज्य मनरेगा संघ एवं ग्रामीण विकास झारखंड सरकार के बीच वार्ता सम्पन्न हुई. जिसके बाद सहमति के पश्चात हड़ताल कि समाप्ति की गई. वार्ता में मुख्य रूप से तीन मांगो पर विभाग के द्वारा सहमति प्रदान कि गई. जिसमें झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के सचिव एवं मनरेगा आयुक्त झारखंड की वार्ता संम्पन्न हुई. जिसमे मनरेगा अंतर्गत क्षेत्रीय स्तर पर सृजित पदों के विरुद्ध जिन कार्यरत कर्मियों का 10 वर्ष का सेवा पूर्ण हो गया है वैसे कर्मियों को ग्रेड-पे में शामिल करने के लिए विभाग स्तर पर संचिका एक माह के अंदर उपस्थित किया जाएगा, मनरेगा कर्मियों के हड़ताल अवधि के मानदेय भुगतान के संबंध में विभाग स्तर पर समीक्षा उपरांत निर्णय लिया जाएगा एवं वैसे मनरेगा क्षेत्रीय कर्मी जिनकी मृत्यु सेवा काल के दौरान हुई हो उनके अहातपूर्ण करने वाले वैध आश्रितों को जिला स्तर पर मनरेगा अंतर्गत सृजित पदों के विरुद्ध नियुक्ति में वरीयता/प्राथमिकता प्रदान करने पर समीक्षा उपरांत करवाई को जाएगी.

# सिख समाज के गुरु अर्जन देव जी का शहादत दिवस मना



**मिहिजाम।** मिहिजाम में सिख समुदाय ने सोमवार को अपने पांचवें गुरु गुरु अर्जन देव जी के शहादत दिवस पर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर इंदिरा चौक में राहगीरों के बीच शीतल शरबत एवं भुना चना प्रसाद का वितरण किया गया।कार्यक्रम में सिख समाज के महिला, पुरुष और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा लोगों को सेवा और मानवता का संदेश दिया। भीषण गर्मी को देखते हुए बड़ी संख्या में राहगीरों ने शरबत ग्रहण किया और समुदाय के इस प्रयास की सराहना की।गुरुद्वारा कमेटी के सचिव सरदार गुरमीत सिंह ने बताया कि सिख इतिहास में यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने सत्य, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनकी स्मृति में हर वर्ष समाज सेवा और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।उन्होंने बताया कि गुरु साहिब की शहादत को याद करते हुए मिहिजाम के इंदिरा चौक पर श्रद्धालुओं द्वारा शरबत और भुना चना प्रसाद वितरित किया गया।

## कीर का इस्तीफा- वैश्विक राजनीति में दिखेगा असर

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा केवल ब्रिटिश राजनीति की एक महत्वपूर्ण घटना नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक राजनीति और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर भी पड़ सकता है। किसी सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री का यह स्वीकार करना कि उनकी पार्टी को अब उनके नेतृत्व पर पर्याप्त भरोसा नहीं है, आधुनिक संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक जवाबदेही का एक उल्लेखनीय उदाहरण माना जा रहा है। दरअसल स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि लेबर पार्टी को यह विश्वास नहीं है कि वह अगले आम चुनाव में पार्टी का सफल नेतृत्व कर पाएंगे। उन्होंने नए नेता के चयन तक पद पर बने रहने और अपने उत्तराधिकारी को पूरा सहयोग देने की बात कही। इस प्रकार सत्ता हस्तांतरण की संस्थागत प्रक्रिया को प्राथमिकता दी गई। इससे विश्व के उन तमाम नेताओं को सबक लेने की आवश्यकता है, जो गंभीर आरोप और विरोध प्रदर्शनों के बावजूद पद पर बने तो हैं लेकिन जनता का विश्वास खो चुके हैं। जहां तक पीएम कीर का सवाल है तो यह इस्तीफा एपस्टीन फाइल्स में नाम आने के बाद भारी दबाव के चलते दिया गया है। इससे पहले एपस्टीन में नाम आने के चलते दुनियां भर के राजनीतिक, कार्पोरेट और शैक्षणिक संस्थानों में बड़े पैमाने पर इस्तीफे और गिरफ्तारियां हुई हैं। अनेक प्रभावी नेता अपने पद से इस्तीफा देकर हाशिये पर जा चुके हैं। इस्तीफे से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा किया था कि कीर अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं, कुछ समय बाद ही उनका इस्तीफा सामने आ गया। एपस्टीन फाइल्स में खुद ट्रंप का नाम भी है और उन पर भी अमेरिका में अच्छा खासा दबाव बना हुआ है। यही नहीं भारत के केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ ही भारतीय उद्योगपति अनिल अंबानी और निवेशक रवि मंथा का नाम का भी जिक्र हुआ है। इसके बाद विरोधियों ने इनके इस्तीफे की मांग की। यही नहीं अमेरिकी दस्तावेजों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम भी चर्चा में रहा है। ब्रिटेन में पिछले कुछ महीनों में लेबर पार्टी के भीतर उनके नेतृत्व को लेकर असंतोष बढ़ रहा था। स्थानीय चुनावों में पार्टी के कमजोर प्रदर्शन, गिरती लोकप्रियता और कई सांसदों की सार्वजनिक आलोचना ने उनके ऊपर राजनीतिक दबाव बढ़ाया। संसदीय लोकतंत्रों में नेतृत्व परिवर्तन प्रायः इसी प्रकार पार्टी के भीतर समर्थन और विश्वास की स्थिति पर निर्भर करता है। ब्रिटेन की राजनीतिक व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यही है, कि यहां जनता सीधे प्रधानमंत्री का चुनाव नहीं करती। मतदाता सांसद चुनते हैं और बहुमत प्राप्त दल का नेता प्रधानमंत्री बनता है। यही कारण है कि सत्तारूढ़ दल अपने नेता को बदलकर बिना आम चुनाव कराए नया प्रधानमंत्री चुन सकता है। लेबर पार्टी का नया नेता ही ब्रिटेन का अगला प्रधानमंत्री बनने की सबसे मजबूत स्थिति में होगा। वर्तमान परिस्थितियों में एंडी बर्नहैम को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री और मैनचेस्टर के मेयर के रूप में उनका अनुभव तथा कोविड महामारी के दौरान उनकी सक्रिय भूमिका ने उन्हें एक लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित किया है।

# राष्ट्रवाद, एकात्मता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रणेता : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**सौरभ वार्ष्णेय**

**(डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर विशेष आलेख)**

यह सत्य है कि कुछ महापुरुष कुछ समय के लिए पृथ्वी अवतरित होकर इस जग के लिए महान कार्य कर कालजयी हो जाते हैं ऐसे ही एक महापुरुष हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हुए जिनकी आज 23 जून 2026 को पुण्यतिथि है। हम श्री मुखर्जी को एक राजनीतिक घटना से ही याद नहीं करते वरन उनके महान कार्यों के लिए उन्हें याद करेंगे। भारतीय जनसंघ के गठन से उनकी विरासत सदा सदा के लिए अमर हो गई। 23 जून भारतीय राजनीति और राष्ट्र जीवन में एक महत्वपूर्ण तिथि है। इसी दिन देश के प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद्, स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई जाती है। वर्ष 1953 में रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हुआ, किंतु उनके विचार, संघर्ष और राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण आज भी भारतीय राजनीति और समाज को प्रेरित करते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने का उदाहरण रहा। वे मात्र 33 वर्ष की आयु में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता के सबसे युवा कुलपति बने। शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रवाद के क्षेत्र में उनका योगदान असाधारण रहा। स्वतंत्रता के बाद वे देश की पहली केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल हुए, लेकिन राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों पर मतभेद होने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना उचित समझा। यह उनके सिद्धांतवादी व्यक्तित्व का प्रमाण था। डॉ. मुखर्जी का सबसे बड़ा राजनीतिक संघर्ष जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे के विरुद्ध था। उनका प्रसिद्ध नारा–एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे–राष्ट्रीय एकता की उनकी सोच को दर्शाता है। उनका मानना था कि भारत की संप्रभुता और अखंडता सर्वोपरि है तथा किसी भी राज्य के लिए अलग संवैधानिक व्यवस्था दीर्घकाल में राष्ट्रीय हितों के अनुकूल नहीं हो सकती।

भारतीय जनसंघ के गठन से अमर हुई विरासत

वर्ष 1951 में उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जिसने आगे चलकर भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। आज की भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक जड़ें भारतीय जनसंघ में ही देखी जाती हैं। संगठन निर्माण, वैचारिक स्पष्टता और लोकतांत्रिक संघर्ष की जो परंपरा उन्होंने स्थापित की, वह आज भी भारतीय राजनीति में प्रभावी दिखाई देती है। हालांकि डॉ. मुखर्जी के विचारों और नीतियों पर समय-समय पर मतभेद भी रहे हैं। लोकतंत्र की यही विशेषता है कि विभिन्न विचारधाराएं अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं और जनता उनके आधार पर निर्णय लेती है। लेकिन यह निर्विवाद है कि उन्होंने राष्ट्रीय मुद्दों पर अपनी बात निर्भीकता से रखी और सिद्धांतों के लिए राजनीतिक जोखिम उठाने से कभी पीछे नहीं हटे। आज जब देश अनेक सामाजिक, राजनीतिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि हमें यह संदेश देती है कि राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों, वैचारिक प्रतिबद्धता और सार्वजनिक जीवन में नैतिकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा और राष्ट्र निर्माण का साधन है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि केवल एक महान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों और विचारों पर गंभीर चिंतन का भी समय है। राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आत्मविश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों और सिद्धांतनिष्ठ राजनीति के प्रति उनका योगदान भारतीय इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। राष्ट्र उनके प्रति कृतज्ञ है और आने वाली पीढियां उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करती रहेंगी।

21 अक्टूबर 1951 का दिन भारतीय राजनीति के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। इसी दिन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जीके नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। यह केवल एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन नहीं था, बल्कि स्वतंत्र भारत में वैचारिक राजनीति के एक नए अध्याय की शुरुआत थी। डॉ. मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी, शिक्षाविद् और दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने उस समय की सत्ता की नीतियों से वैचारिक मतभेद होने पर सिद्धांतों से समझौता करने के बजाय एक नए राजनीतिक विकल्प की स्थापना का मार्ग चुना। भारतीय जनसंघ का उद्देश्य राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक अस्मिता, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को केंद्र में रखकर राजनीति करना था। 21 अक्टूबर 1951 को स्थापित भारतीय जनसंघ ने धीरे-धीरे देश की राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाई। डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर राष्ट्रीय एकीकरण का संदेश दिया। जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे के विरोध में उनका संघर्ष आज भी याद किया जाता है। यद्यपि 1953 में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके विचार और राजनीतिक दृष्टि जीवित रहे। जनसंघ आगे चलकर 1977 में जनता पार्टी का हिस्सा बना और 1980 में भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। आज देश की राजनीति में जिस वैचारिक धारा का व्यापक प्रभाव दिखाई देता है, उसकी नींव डॉ. मुखर्जी ने ही रखी थी। इस प्रकार कहा जा सकता है कि 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना करके डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय राजनीति को एक स्थायी वैचारिक दिशा दी और स्वयं को इतिहास में कालजयी बना लिया। उनका जीवन राष्ट्रहित, सिद्धांतनिष्ठा और जनसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है।

एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे-

एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे केवल एक राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और संवैधानिक समानता का प्रबल उद्घोष था। यह उद्घोष भारत के महान राष्ट्रवादी नेता डॉ. मुखर्जी ने उस समय दिया था, जब जम्मू-कश्मीर को विशेष संवैधानिक प्रावधानों के तहत अलग दर्जा प्राप्त था। आज उनकी पुण्यतिथि पर यह नारा भारतीय राजनीति और राष्ट्रवाद के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में स्मरण किया जाता है। स्वतंत्रता के बाद जम्मू-कश्मीर में अलग संविधान, अलग झंडा और अलग प्रधानमंत्री (वजीर-ए-आजम) की व्यवस्था थी। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि यह व्यवस्था भारत की राष्ट्रीय एकता की भावना के विपरीत है। उनका तर्क था कि यदि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, तो वहां के नागरिकों को भी वही संवैधानिक व्यवस्था प्राप्त होनी चाहिए जो देश के अन्य राज्यों में लागू है।इसी विचार को लेकर उन्होंने 1953 में जम्मू-कश्मीर में प्रवेश किया। उस समय राज्य में प्रवेश के लिए परमिट की आवश्यकता होती थी। डॉ. मुखर्जी ने इसका विरोध करते हुए बिना परमिट जम्मू-कश्मीर जाने का निर्णय लिया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और हिरासत के दौरान 23 जून 1953 को उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया और उन्हें राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान देने वाले नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डॉ. मुखर्जी के इस आंदोलन ने भारतीय राजनीति को गहराई से प्रभावित किया। उनके द्वारा स्थापित भारतीय जनता पार्टी ने इस मुद्दे को लंबे समय तक जीवित रखा। बाद में यही विचारधारा भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख संकल्पों में शामिल रही। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने के निर्णय को अनेक लोग डॉ. मुखर्जी के सपने की पूर्ति के रूप में देखते हैं।हालांकि इस विषय पर राजनीतिक मतभेद भी रहे हैं। कुछ लोगों का मानना था कि विशेष दर्जा जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट परिस्थितियों और पहचान की रक्षा के लिए आवश्यक था। लोकतंत्र में विभिन्न दृष्टिकोणों का सम्मान होना चाहिए, लेकिन यह भी सत्य है कि राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक समानता का प्रश्न सदैव महत्वपूर्ण बना रहेगा।आज जब भारत एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का यह नारा और भी प्रासंगिक प्रतीत होता है। यह केवल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, समान अधिकारों और अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था के प्रति निष्ठा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने का सर्वोत्तम तरीका यही है कि हम भारत की एकता।

## पाकुड़ की खबरें

## मां की बीमारी का हवाला देकर 3500 रुपये लेने की कोशिश, युवती गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। शहर में कथित ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने अपनी मां की गंभीर बीमारी का हवाला देकर एक सब्जी विक्रेता से 3500 रुपये लेने का प्रयास किया। हालांकि विक्रेता की सतर्कता के कारण मामला संदिग्ध लगने पर युवती को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।जानकारी के अनुसार, सब्जी विक्रेता वरुण साहा के पास पहुंची एक युवती ने खुद को आर्थिक संकट में बताया और कहा कि उसकी मां की तबीयत खराब है, जिसके इलाज के लिए उसे तत्काल पैसों की आवश्यकता है। युवती ने दावा किया कि वह नकद राशि दे रही है और बदले में उसे फोनपे के माध्यम से 3500 रुपये ट्रांसफर कर दिए जाएं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती ने अपनी बात इतनी सहजता और आत्मविश्वास के साथ रखी कि शुरुआत में किसी को कोई संदेह नहीं हुआ। लेकिन लेन-देन की प्रक्रिया के दौरान कुछ बातें संदिग्ध लगने पर वरुण साहा सतर्क हो गए और उन्होंने युवती से विस्तार से पूछताछ शुरू की।

बताया जाता है कि पूछताछ के दौरान युवती वहां से जाने का प्रयास करने लगी। इससे संदेह और गहरा गया। इसके बाद वरुण साहा ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को हिरासत में लेकर थाना ले गई। जानकारी के अनुसार, पकड़ी गई युवती साहेबगंज जिले के बोरियो क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है। हालांकि पुलिस उसकी पहचान और पूरे घटनाक्रम की सत्यता की जांच कर रही है।पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि युवती पहले भी इस प्रकार की घटनाओं में शामिल रही है या नहीं। साथ ही यह जांच की जा रही है कि वह अकेले काम कर रही थी अथवा उसके पीछे किसी गिरोह या अन्य व्यक्तियों का हाथ है।फिलहाल पुलिस युवती से पूछताछ कर रही है। मामले की जांच पूरी होने के बाद ही घटना के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

## नाबालिग किशोरी को भगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**महेशपुर (पाकुड़)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है।इस संबंध में किशोरी की मां ने रविवार देर शाम महेशपुर थाना में सोनारपाड़ा गांव निवासी राजीव माल के खिलाफ मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि 19 जून को उसकी नाबालिग बेटी घर से लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि राजीव माल उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।आवेदन के अनुसार, 21 जून की सुबह जब वह आरोपी के घर पहुंची तो उसके परिजनों द्वारा उसके साथ विवाद किया गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सोमवार रात छापेमारी कर आरोपी राजीव माल को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी नेवता खोबोर**

**ई-नीलामी खोबोर सं. एडीवीटी/एएसएन/02/07** **माहितः 17.06.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, असनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमोक् बाखरा आईआरईपीएस पोर्टल मेताक्मे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आः **कैटलॉग संख्याः** एडीवीटी-एएसएन-02-07, **नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 02.07.2026 हिलोक् 12.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. आर बानाडाय** दो नोडका लेका मेनाक्आः **एए/1, एडीवीटी-ईएफ एफ-130876-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), पे बोछोर सोमोय लागित् विनाइल स्टिकर (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन लेका रे ग्राफिक फिल्म) बेवहार तुलुच् कोचको रेयाक् बाहरी सतह चेतान आर लातार पैनल (जालना चेतान आर लातार) रे वाणिज्यिक प्रचार उदुग लागित् अनुबंध (क्षेत्रफल-1588 वर्ग फुट)/(147.53 वर्ग मीटर)। (12383-84 आसनसोल-सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस)। **एए/2, एडीवीटी-ईएफ एफ-131107-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस), कोचको रेयाक् बाहरी सतह रेयाक् चेतान आर लातार पैनल (जालना चेतान आर लातार) रे वाणिज्यिक प्रचार उदुग लागित् अनुबंध। विज्ञापन रेयाक् मोट क्षेत्रफल-1462 वर्ग फट (135.8242 वर्ग मीटर)। (13505-06 आसनसोल-दीघा एक्सप्रेस आर 22329-30 (हल्दिया-आसनसोल-हल्दिया एक्सप्रेस)। **एए/3, एडीवीटी-ईएफएफ-131111-1-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 बोछोर सोमोय लागित् ट्रेन नं. 13507-13508 (आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस)/13509-13510 (आसनसोल-गोंडा एक्सप्रेस) रेयाक् कोचको रेयाक् बाहरी सतह रे विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन लेका रे ग्राफिक फिल्म) दाराय ते चेतान आर लातार पैनल (जालना चेतान आर लातार) रे वाणिज्यिक प्रचार रेयाक् अधिकारको लागित् अनुबंध एमोक्। **एए/4, एडीवीटी-ईएफ एफ-131112-2-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 बोछोर सोमोय लागित् ट्रेन नं. 12375/76 (जसीडीह-तांबरम एक्सप्रेस) रेयाक् कोचको रेयाक् बाहरी सतह रे विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन लेका रे ग्राफिक फिल्म) दाराय ते चेतान आर लातार पैनल (जालना चेतान आर लातार) रे वाणिज्यिक प्रचार रेयाक् अधिकारको लागित् अनुबंध एमोक्। **एए/5, एडीवीटी-ईएफ एफ-237528-1-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 बोछोर सोमोय लागित् ट्रेन नं. 12361/62 (आसनसोल-मुंबई सीएसएमटी सुरफास्ट एक्सप्रेस) रेयाक् कोचको रेयाक् बाहरी सतह रे विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन लेका रे ग्राफिक फिल्म) दाराय ते चेतान आर लातार पैनल (जालना चेतान आर लातार) रे वाणिज्यिक प्रचार रेयाक् अधिकारको लागित् अनुबंध एमोक्। **एए/6, एडीवीटी-ईएफ एफ-239709-1-26-1** (विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस)), 03 बोछोर सोमोय लागित् ट्रेन नं. 22306-05 (जसीडीह-बेंगलुरु सुरफास्ट एक्सप्रेस) रेयाक् कोच रेयाक् बाहरी सतह आर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन लेका रे ग्राफिक फिल्म) दाराय ते चेतान आर लातार पैनल (जालना चेतान आर लातार) रे वाणिज्यिक प्रचार रेयाक् अधिकारको लागित् अनुबंध एमोक्। जोतो नामडाक बोलीदाताको चेतान रे एमाकात् सूची लेका रे नोआ ई-नीलामी लागित् पुराउ बानाडाय आर सेलेदोक् लागित् दो वेबसाइटब **www.ireps.gov.in** जेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

ASN-147/2026-27

ठिका खोबोरको दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# दहेज को लेकर विवाद बना मौत की वजह पति-सास-ससुर सहित चार पर मामला दर्ज

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

महेशपुर (पाकुड़)।जिले के मालपहाड़ी थाना के गौरीपुर गांव में एक विवाहित महिला को दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा विवाहिता के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर महेशपुर थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी सह वादिनी रोहिमा बीबी ने रविवार देर शाम थाना में आवेदन देकर दामाद साफिरूल शेख, समधी फजले शेख एवं समधन लालसेरा बीबी एवं शेफाली खातून के खिलाफ दहेज के लिए मारपीट कर जख्मी करने तथा इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के आरोप में मामला दर्ज करवाई है। वादिनी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि बीते ढाई साल पहले उसकी पुत्री सुमि खातून का शादी मुस्लिम रीति रिवाज के साथ पाकुड़ मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के गौरीपुर गांव में हुई थी। शादी के कुछ माह तक उसकी बेटी ससुराल में सही सलामत रही। उसकी बेटी का एक दो माह का एक लड़का भी है। इसके बाद दामाद एवं ससुराल वालों के द्वारा उसकी पुत्री को लगातार प्रताड़ित किया जाता था तथा तलाक के देने एवं जान करने का बात करता था।

वर्तमान में वादिनी अपने पति एवं बच्चों के साथ चेन्नई में रहकर दिन मजदूरी कर अपना जीवन यापन करती है।

बीते 12 जून को उसका दामाद का फोन आया कि तुम्हारा बेटी का बहुत तबीयत खराब है ले जाकर इलाज करें, वादिनी ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि बेटी को प्रताड़ित करने के कारण कुछ दिन पूर्व ही महिला थाना पाकुड़ की सहयोग से उसकी बेटी को अपने घर चांदपुर लेकर आ गई थी। उसके बाद वादिनी अपने पति एवं अन्य बच्चों के साथ पुनः चेन्नई काम करने चली गई थी। वादिनी का चेन्नई जाने के साथ ही उसके दामाद एवं ससुराल वालों के द्वारा उसकी बेटी को बहला फुसला कर दोबारा अपना घर लेकर चला गया था। दोबारा बेटी के ऊपर इस तरह की घटना होने पर बीते 16 जून को हुआ चेन्नई से अपना घर लौट आई और उसी दिन बेटी का ससुराल गौरीपुर चली गई।

बेटी का ससुराल पहुंचने पर देखा कि ससुराल वालों के द्वारा मारपीट कर उसे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया है पूरे बदन जख्म से भरा हुआ था। बेटी का तबीयत खराब होने पर वह अपना बेटी को अपने घर चांदपुर ला रही थी इसी दौरान चारों नामजद आरोपियों ने वादिनी एवं उसकी बेटी के साथ गाली- गलौज मारपीट करते हुए जान से मारने की बात करने लगा। वादी में किसी तरह अपनी बेटी को इलाज के लिए चांदपुर लेकर चली गई। पैसे के अभाव के कारण वादिनी ने स्थानीय दावा दुकान में अपनी बेटी का इलाज करवाई। उसके बाद अपनी बेटी को अपने साथ लेकर घर आ गई। बीते 19 जून सुबह 11 बजे उसकी बेटी का तबीयत बहुत बिगड़ गया इसके बाद पड़ोसी के पास रुपया उधार लेकर पश्चिम बंगाल के मुरारोई इलाज करवाने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में ही उसकी बेटी की मौत हो गई।

वादिनी में आवेदन में उल्लेख किया है कि सभी आरोपितों के द्वारा उसकी बेटी को बेरहमी से मारपीट करने के कारण मौत हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## अवैध कोयला तस्करी की सात मोटरसाइकिल जब्त



**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला परिवहन के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने जिरली पुल के समीप छापेमारी कर कोयला लदी सात मोटरसाइकिलों को जब्त किया है।प्रभारी थाना प्रभारी अनिल पंडित ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर तालझारी मार्ग से बड़ा सरसा होते हुए मोटरसाइकिलों पर अवैध कोयला लेकर गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर एएसआई विजय कुमार मंडल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जिरली पुल के पास घेराबंदी की।पुलिस को देखते ही तस्कर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने सातों मोटरसाइकिलों को कोयले सहित जब्त कर थाना ले आई।पुलिस ने जब्त वाहनों के नंबर के आधार पर संबंधित वाहन मालिकों एवं तस्करों के खिलाफ लिट्टीपाड़ा थाना कांड संख्या 36/26 दर्ज कर लिया है। फरार आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप का माहौल है।

## महिला से दुष्कर्म का आरोप, आरोपी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के हेटबांधा गांव में एक महिला के साथ चाकू का भय दिखकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर लिट्टीपाड़ा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।इस संबंध में लिट्टीपाड़ा थाना में कांड संख्या 34/26 दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़िता के पति पिछले कई महीनों से एक मामले में जेल में बंद थे। इसी दौरान गांव निवासी टेक्टर उर्फ दुर्गा मड़ैया पर महिला के साथ जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है।पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि आरोपी ने उसे धमकाकर घटना को अंजाम दिया और किसी को जानकारी देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। भय और सामाजिक कारणों से उसने तत्काल शिकायत दर्ज नहीं कराई।हाल ही में पति के घर लौटने पर पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद दंपती ने लिट्टीपाड़ा थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित छापेमारी की और नामजद आरोपी टेक्टर उर्फ दुर्गा मड़ैया को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## 24 जून को पाकुड़ में लगेगा रोजगार मेला

पाकुड़ । जिले के शिक्षित एवं रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, पाकुड़ द्वारा 24 जून 2026 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला बाजार समिति मैदान, गोकुलपुर, पाकुड़ में सुबह 10ः30 बजे से आयोजित होगा। रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी और योग्य अभ्यर्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार सहित अन्य चयन प्रक्रियाएं संचालित करेंगी। मेले के माध्यम से युवाओं को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी राहुल कुमार ने जिले के अधिक से अधिक योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से रोजगार मेले में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं और नियोजकों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करेगा तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक पहल साबित होगा।उन्होंने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया कि वे अपने सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, बायोडाटा, पहचान पत्र तथा अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर रोजगार मेले में उपस्थित हों, ताकि उपलब्ध अवसरों का लाभ उठा सकें।

## सरकारी सड़क पर अतिक्रमण का आरोप, ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग उठाई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)। प्रखंड के दमदमा गांव में सरकारी सड़क पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर दमदमा पंचायत के मुखिया अनिल कोड़ा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी संजय सिन्हा को आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि दमदमा मुख्य सड़क से गांव के भीतर जाने के लिए कैनाल के पहाड़ से होकर गुजरने वाला यह एकमात्र रास्ता है। गांव निवासी आनसारुल्ल शेख द्वारा पहले सड़क किनारे एक छोटी दुकान बनाई गई थी। उस समय ग्रामीणों की आपत्ति पर आश्वासन दिया गया था कि आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी।

ग्रामीणों के अनुसार, अब उक्त व्यक्ति द्वारा धीरे-धीरे सड़क की जमीन पर अतिक्रमण करते हुए तिरपाल लगाकर घेराबंदी की जा रही है तथा पक्का निर्माण भी कराया जा रहा है। इससे गांव के लोगों के आवागमन पर संकट उत्पन्न होने की आशंका है।आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर संबंधित व्यक्ति ग्रामीणों को धमकी देता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाकर रास्ते को सुरक्षित रखने की मांग की है।इस संबंध में अंचल अधिकारी संजय सिन्हा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच के लिए राजस्व कर्मचारी को निर्देश दिया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न

पाकुड़। विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण अंचल कार्यालय तथा नगर परिषद कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची आवश्यक है। उन्होंने सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए त्रुटिरहित कार्य

## विद्यालय में चला नशा मुक्ति अभियान




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। युवाओं को नशे की लत से बचाने और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा संचालित नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नवीनगर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीपीओ कुमार गौरव ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान एसडीपीओ ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, करियर और सामाजिक जीवन पर भी गंभीर असर डालता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक नुकसान की जानकारी दी गई।

## वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क

संताल एक्सप्रेसपाकुड़। जिले में मलेरिया, फाइलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, निगरानी और नियंत्रण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. एस.के. मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को सक्रिय रोगी खोज अभियान को और प्रभावी बनाने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर बुखार सर्वेक्षण संचालित करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि रोगियों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। बैठक में पात्र लाभार्थियों के बीच एमएमडीपी किट के शत-प्रतिशत वितरण, अभिलेखों के समुचित संधारण, समय पर रिपोर्टिंग तथा आंकड़ों के नियमित अद्यतन पर विशेष जोर दिया गया। वर्तमान मौसम और बदलती जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए जिले में मलेरिया के मामलों में संभावित वृद्धि पर चिंता व्यक्त की गई तथा रोकथामात्मक उपायों को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया गया।जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार ने विशेष रूप से लिट्टीपाड़ा एवं अमड़ापाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मलेरिया एवं बुखार रोगियों की सघन खोज अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संदिग्ध रोगियों की तत्काल जांच, समयबद्ध उपचार और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के साथ प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जिला भीबीडी कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा।बैठक में सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने, ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य गतिविधियों को सुदृढ़ करने तथा चिन्हित रोगियों की नियमित फॉलो-अप कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

## पाकुड़ में चल रहा है बाइक पर भागलपुर से बार-बार कट रहा चालान, 10 माह से युवक परेशान



संताल एक्सप्रेसपाकुड़। जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार भगत पिछले करीब 10 महीनों से एक अनोखी समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी बाइक पाकुड़ में संचालित हो रही है, लेकिन ट्रैफिक नियम उल्लंघन के चालान बिहार के भागलपुर से लगातार उनके नाम पर जारी किए जा रहे हैं।जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार भगत के पास लाल रंग की होंडा शाइन मोटरसाइकिल है, जिसका पंजीकरण संख्या छ्र17क8002 है। वहीं भागलपुर में इसी नंबर की एक अन्य बाइक चलने की बात सामने आई है। बताया जाता है कि वह बाइक काले रंग की हीरो पैशन प्रो है। मॉडल और रंग अलग होने के बावजूद दोनों वाहनों पर एक ही नंबर अंकित होने से मामला उलझ गया है।प्रदीप ने बताया कि उन्हें अब तक कुल नौ बार ई-चालान प्राप्त हो चुका है। पहला चालान 15 अगस्त 2025 को ?3,000 का जारी किया गया था। इसके बाद 17 अक्टूबर 2025, 5 मार्च 2026, 16 मार्च 2026, 19 मार्च 2026, 21 मार्च 2026, 3 जून 2026, 6 जून 2026 तथा 18 जून 2026 को भी विभिन्न ट्रैफिक नियम उल्लंघन के आरोप में चालान भेजे गए। मामले की शिकायत करने पर भागलपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज में यह स्पष्ट हुआ कि चालान जिस वाहन का काटा गया है, वह प्रदीप की बाइक नहीं है। फुटेज में दिखाई देने वाली बाइक का मॉडल और रंग दोनों अलग हैं, जबकि नंबर प्लेट पर वही नंबर अंकित है।पीड़ित ने इस संबंध में पाकुड़ और भागलपुर के संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों को भी पूरे मामले की जानकारी दी गई है। इसके बावजूद अब तक फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग करने वाले वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।इस घटना ने वाहन पंजीकरण और नंबर प्लेट सत्यापन व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एक ही नंबर से दो वाहन अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित हो रहे हैं, तो इसकी गंभीर जांच होनी चाहिए ताकि निर्दोष वाहन मालिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्रदीप कुमार भगत ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल करने वाले वाहन को चिन्हित किया जाए तथा उनके नाम पर जारी सभी गलत चालानों को निरस्त किया जाए।

# देवघर में श्रावणी मेले से पहले शुरू हुई नमो एम्बुलेंस सेवा



संताल एक्सप्रेस

**देवघर।** श्रावणी मेला शुरू होने से पहले देवघर में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की पहल पर सोमवार से सात नमो एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की गई। इस सेवा का उद्देश्य श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। एम्बुलेंस सेवा के लिए टोल-फ्री नंबर 1800 11 2500 भी जारी किया गया है, जिस पर कॉल कर जरूरतमंद सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि पिछले दो वर्षों से वह लगातार देख रहे हैं कि श्रावणी मेले के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था अपेक्षित स्तर पर मजबूत नहीं रह पाती। कई बार समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी होती है, जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो जाती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को तत्काल मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी झारखंड और संथाल परगना के लोगों के हित में ऐसे जनकल्याणकारी कार्य जारी रहेंगे। उनका प्रयास है कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।इस दौरान सांसद ने हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों को लेकर कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनावी हार के बाद कांग्रेस को नैतिक आधार पर अपना समर्थन वापस ले लेना चाहिए। उनका आरोप था कि कांग्रेस और उसके विधायकों का ध्यान केवल सत्ता और धन पर केंद्रित है। उन्होंने कांग्रेस के प्रभारी के. राजू पर भी गंभीर आरोप लगाए और पार्टी की कार्यशैली पर सवाल उठाए। जदयू विधायक सरयू राय के उस बयान पर भी सांसद ने प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने हेमंत सोरेन को कांग्रेस से अलग होकर सरकार बनाने की संभावना जताई थी। इस पर निशिकांत दुबे ने कहा कि सरयू राय एक वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं। यदि उन्होंने ऐसा बयान दिया है तो उसके पीछे कोई राजनीतिक रणनीति अवश्य होगी। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय पर उनकी सरयू राय से कोई व्यक्तिगत बातचीत नहीं हुई है। सांसद ने कहा कि संभव है सरयू राय को यह महसूस हो रहा हो कि कांग्रेस झारखंड में लूट की राजनीति कर रही है और इसी वजह से वह हेमंत सोरेन को कांग्रेस से अलग होने की सलाह दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जमशेदपुर पूर्वी से विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय ने कहा था कि यदि झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस का साथ छोड़ दे तो भाजपा के समर्थन के बिना भी हेमंत सोरेन राज्य में सरकार बना सकते हैं।

## इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी में छात्रों ने बनाए ये 12 इनोवेशन



**दुमका ।** दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत सेंटर फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी ने तकनीकी क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज के होनहार छात्रों और शोधकर्ताओं ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों की कई बेहतरीन और अनोखे मॉडल तैयार किए हैं।

**मुख्य तकनीकी आविष्कार और प्रोजेक्ट्स**

1. ई-एम्बुलेंस कार्ट– आपातकालीन चिकित्सा के लिए विशेष इलेक्ट्रिक कार्ट।
2. स्मार्ट स्टैंडिंग ई-बाइक – खड़े होकर चलाई जाने वाली आधुनिक और स्मार्ट इलेक्ट्रिक बाइक।
3. भी2एच सिस्टम ( - व्हीकल टू टू होम)– वाहन की बैटरी से घर को बिजली देने वाली आधुनिक तकनीक।
4. एयरोचार्ज ईवी ओवरहेड ऑटोमेटेड कनेक्टर सिस्टम– ऊपर से स्वचालित रूप से चार्ज करने वाला कनेक्टर सिस्टम।
5. डायनेमिक ईवी वायरलेस चार्जिंग ट्रैक सिस्टम – सड़क पर चलते-चलते वाहनों को बिना तार (वायरलेस) चार्ज करने वाला ट्रैक।
6. एकोराइड-ईवी बाइसिकल– पर्यावरण के अनुकूल इकोराइड इलेक्ट्रिक साइकिल।
7. फोर-व्हील्ड ध्रुवयान – चार पहियों वाला विशेष इलेक्ट्रिक वाहन ध्रुवयान।
8. इलेक्ट्रिक हाइब्रिड स्कूटी– बिजली और अन्य ईंधन दोनों से चलने वाली हाइब्रिड स्कूटी।
9. नेचर्स रिवाइवल बोट– जल निकायों की सफाई और पर्यावरण सुधार के लिए बनाई गई बोट।
10. ईवी पल्स – एक नया और आधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन मॉडल।
11. सक्षम एडाप्टिव इलेक्ट्रिक व्हीकल – हाथ और पैर दोनों से संचालित होने वाला दिव्यांग-अनुकूल विशेष वाहन।
12. ढ्रुशज्ञ इंटीग्रेटेड ऑटोनॉमस इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर –इंटरनेट ऑफ थिंग्स से लैस, अपने आप चलने वाली आधुनिक व्हीलचेयर।

## मधुपुर अस्पताल में योग सत्र का आयोजन



संवाददाता

**मधुपुर/आसनसोल ।**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आसनसोल मंडल रेल अस्पताल में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा पैरामेडिकल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में डॉ. एस. भट्टाचार्य, डॉ. शुभ्रा बिस्वास, डॉ. सुमंता बिस्वास तथा डॉ. रजनी सिन्हा सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान योग प्रशिक्षक वी.के. सिंह ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कराया, जबकि मनोवैज्ञानिक सोमन मंडल ने मानसिक शांति और तनाव प्रबंधन के उद्देश्य से ध्यान सत्र का संचालन किया।इस अवसर पर योग के महत्व, शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने, तनाव को कम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नियमित योगाभ्यास के लाभों को रेखांकित करते हुए सभी को अपनेदैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

## देवीपुर विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले देवीपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित +2 विद्यालय मचनाटीला में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के सचिव डॉ. मनोज कौशिक आचार्य के निर्देश पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग सत्र के माध्यम से बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी गई। योग कार्यक्रम के उपरांत सैकड़ों बच्चों के बीच डाबर कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए छोटे ग्लूकोज पैकेट एवं टूथपेस्ट का वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रभारी प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संस्था की ओर से शिक्षक संदीप कुमार राय के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है।

## गोपीकांदर में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ को मिला प्रशिक्षण



**गोपीकांदर।** झारखंड राज्य में 30 जून 2026 से विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम प्रारम्भ हो रहा है। एसआईआर का कार्य त्रुटि सहित एवं समयबद्ध किया जाना है इसी क्रम में सोमवार को प्रखंड सभागार कार्यालय में संलग्न कर्मियों, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, इस प्रशिक्षण में सब-डिवीजन मजिस्ट्रेट सह उप निर्वाचन पदाधिकारी पाकुड़ साईमन मरांडी उपस्थित हुए, प्रशिक्षण बीडीओ सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी के देखरेख में आयोजित हुई, प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्री-आएआईआर की गतिविधि, गणन पत्र वितरण, गणन पत्र जमा करना एवं गणना पत्र का डिजीटाइजेशन की जानकारी, मतदाता के प्रकार, एएसडीडी सूची तैयार करना एवं विभिन्न स्टेक होल्डर के साथ बैठक, दावा-आपत्ति के क्रम में किये जाने वाले कार्य, नये छुटे हुए मतदाता के संबंध में अंतिम प्रकाशन तथा अपील, प्रश्न सत्र, मतदाता के साथ व्यवहार एवं क्षेत्र भ्रमण में सुरक्षा आदि के बारे विस्तार से बताया गया साथ ही बीएलओ को हिदायत दी गई कि छुटे हुए एसआईएस की प्रकिया एक सप्ताह के अंदर पूरा करने कहा गया तथा 30 जून से 29 जुलाई तक डोर टू डोर जाकर छूटे हुए लोगों का 11 तरह के दस्तावेजों में से एक दस्तावेज जरूरी समझकर जमा करने और साथ फार्म का कोलम भरने को कहा गया। इस मौके पर प्रखंड नोडल पदाधिकारी सह पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार साह, बीएलओ राफिना हेंब्रम, धनमुनी हेंब्रम, मिरू सोरेन, पोरविना टूडु सहित अन्य मौजूद थे।

## पेशा एक्ट में ग्राम प्रधान ने जाहिर किया चिंता



**गोपीकांदर।** ग्राम प्रधान मांझी संगठन एवं लेखा होड़ की मासिक बैठक सोमवार को प्रखंड कार्यालय के बहार आम पेड़ के नीचे ग्राम प्रधान मांझी संगठन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मुर्मू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सचिव छविनाथ मंडल एवं नवेल हांसदा शामिल हुए।

## मुहर्रम सौहार्द और शांति के साथ मनाने का आह्वान, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध : बीडीओ

संताल एक्सप्रेस

**मधुपुर ।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को मधुपुर थाना परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न अखाड़ा समितियों के पदाधिकारियों एवं सभी समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में नगर परिषद अध्यक्षा दरख्शां परवीन, एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता, प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी सह प्रतिनिधि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हरे राम दिनकर, सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार, डॉ. संजीत कुमार तथा नगर परिषद के विधिक सहायक राजा राम डांगी विशेष रूप से उपस्थित थे।बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि मुहर्रम के दौरान दूसरे समुदाय की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है। अखाड़ा जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा तथा संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। स्थानीय लोगों के सहयोग से असामाजिक तत्वों एवं हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि मुहर्रम के अवसर पर क्षेत्र में लगातार पुलिस गश्ती की जाएगी।कर्बला, इमामबाड़ा एवं विभिन्न मोहल्लों के अखाड़ों में महिला पुलिस बल की भी तैनाती रहेगी। सोशल मीडिया पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने जुलूस में खतरनाक हथियारों के प्रदर्शन से बचने तथा निशान का आकार छोटा रखने की अपील की, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित न हो। नगर परिषद अध्यक्षा दरख्शां परवीन ने लोगों से हर वर्ष की तरह इस बार भी आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और सभी अखाड़े पूर्व निर्धारित रूट से ही जुलूस निकालेंगे।बैठक में लोगों से पूर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले तत्वों पर नजर रखने और उनकी सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फैयाज कैसर, सहायक लिपिक अजय कुमार, हाजी रकिब अंसारी, मोती सिंह, अरविंद तिवारी, एनुल होदा, आदिल रशीद, कन्नू लाल कन्हैया, वार्ड पार्षद नोशाद आलम, प्रतिनिधि मोहम्मद सानु, गुड्डु दुबे,सब इंस्पेक्टर शिव कुमार, एएसआई मकबूल अंसारी, हाजी अल्ताफ हुसैन, मुशर्रफ हुसैन, अजय सिंह, बंशी सिंह सहित अखाड़ा समितियों के मुजावर, उस्ताद, प्रतिनिधि तथा सभी समुदायों के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन और जनता के बीच समन्वय एवं सहयोग पर विशेष बल दिया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण



संताल एक्सप्रेस

**मधुपुर ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को 13-मधुपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 एसआईआर को लेकर बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ अजय कुमार दास ने की। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के पुनरीक्षण संबंधी विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न हुआ। पहले चरण में दोपहर 1 बजे मतदान केंद्र संख्या 64 से 100 तक के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि दूसरे चरण में दोपहर 2 बजे से मतदान केंद्र संख्या 101 से 140 तक के सभी संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर बीडीओ अजय कुमार दास एवं जेएसएस अशोक कुमार ने उपस्थित बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के उद्देश्य, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन, संशोधन, सत्यापन प्रक्रिया तथा घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है। इसलिए सभी बीएलओ पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑपरेटर गोपाल कुमार, गौतम कुमार, मेहरा गिरी, गिरीश हेंब्रम सहित बड़ी संख्या में बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन संबंधी प्रपत्रों के निष्पादन, अभिलेखों के संधारण तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर पुनरीक्षण कार्य पूरा करने के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी गई। बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए सभी स्तरों पर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

## श्याम कीर्तन मंडल के चुनाव संपन्न संजय कुमार बंका बने अध्यक्ष



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** श्याम कीर्तन मंडल, देवघर के सत्र 2026-28 के लिए पदाधिकारियों का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सौहार्दपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बाबा श्याम की कृपा एवं मंडल के सदस्यों के सहयोग से आयोजित इस चुनाव में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।चुनाव में कुल 180 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के उपरांत मतगणना की प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी राज कुमार शर्मा (अधिवक्ता) एवं विमल खेतान की देखरेख में संपन्न हुई।

**चुनाव परिणाम**

अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में संजय कुमार बंका को 127 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी संतोष शर्मा को 50 मत मिले। इस प्रकार संजय कुमार बंका अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश कुमार गुप्ता को 113 मत एवं सुनील अग्रवाल को 100 मत प्राप्त हुए। वहीं विशाल सराफ को 62 तथा दीपक बजाज को 48 मत मिले। परिणामस्वरूप राजेश कुमार गुप्ता एवं सुनील अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।मंत्री पद पर अशोक सरावगी ने 95 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सचिन सुल्तानियां को 84 मत मिले।

## फागो में दीवार काटकर लाखों की चोरी

**मधुपुर ।** मारगोमुण्डा थाना क्षेत्र के फागो गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए दीवार काटकर लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर से 50 हजार रुपये नकद तथा लगभग तीन लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मारगोमुण्डा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फागो निवासी मानिक रवानी किसी आवश्यक कार्य से अपने रिश्तेदार के घर गए हुए थे। घर बंद होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में घर की दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया और कमरे में रखे नकद रुपये तथा सोने के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब आसपास के लोगों ने घर की दीवार कटी हुई देखी तो घटना की जानकारी गृहस्वामी को दी गई। सूचना मिलने पर मानिक रवानी घर पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा था और नकदी व जेवरात गायब थे। चोरी गए सामान में सोने की चेन, अंगूठी, कान की बाली समेत अन्य आभूषण शामिल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना पर मारगोमुण्डा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा चोरों की पहचान के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

## झारखंड मदरसा बोर्ड की वस्तानिया और मौलवी परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**मधुपुर ।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा आयोजित झारखंड मदरसा बोर्ड की वस्तानिया, फोकानिया एवं मौलवी स्तर की परीक्षाएं शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो रही हैं। सोमवार को वस्तानिया एवं मौलवी स्तर की परीक्षा अंतिम दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जबकि फोकानिया स्तर की परीक्षा मंगलवार को तारीख-ए-इस्लाम विषय की परीक्षा के साथ समाप्त हो जाएगी। 16 जून से प्रारंभ हुई यह परीक्षा 23 जून को पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी और अनुशासन के व्यापक प्रबंध किए गए थे।सोमवार को परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 9–45 बजे से दोपहर 1–00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2–00 बजे से शाम 5–15 बजे तक संचालित हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वस्तानिया स्तर के परीक्षार्थियों की प्रथम पाली में हिंदी तथा द्वितीय पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। वहीं फोकानिया स्तर के छात्रों ने प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान और द्वितीय पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा दी। मौलवी स्तर के अभ्यर्थियों के लिए प्रथम पाली में अंग्रेजी-द्वितीय तथा द्वितीय पाली में तारीख-ए-इस्लाम विषय की परीक्षा आयोजित की गई। मधुपुर अनुमंडल में मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी उच्च विद्यालय, मोहनलाल गुटगुटिया उच्च विद्यालय, अंची देवी शर्राफ बालिका प्लस टू विद्यालय तथा संत जोसेफ उच्च विद्यालय शामिल हैं।

## बाइक से गिरने पर महिला की मौत

**देवघर।** बिहार के जमुई जिले के चकाई थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। यह दुर्घटना दुलमपुर गांव के समीप हुई, जहां बाइक पर सवार महिला अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका की पहचान चकाई थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव निवासी 39 वर्षीय खिलौनी मरांडी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही बाइक चालक और स्थानीय लोगों ने घायल महिला को तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर देवघर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलने पर बैद्यनाथधाम ओपी पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पंचनामा तैयार किया। हालांकि, परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने के संबंध में आवेदन दिया।

## केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने झूठे वादे करने में कीर्तिमान स्थापित किया : कांग्रेस

**देवघर संताल एक्सप्रेस।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 12 वर्षों के शासनकाल में झूठ बोलने और झूठे वादे करने में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुमार ने कहा चाहे युवाओं को प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का मामला हो, महंगाई कम करने का मामला हो, विदेश से काला धन लाकर प्रत्येक नागरिक के खाते में 15 लाख रुपया जमा करने का वादा हो या किसानों की समस्याओं से संबंधित मामला हो सभी वादे झूठे एवं खोखले ही साबित हुए हैं। कुमार ने कहा कि यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने इस देश की जनता को झूठे वादे का सब्जबाग दिखाकर सिर्फ छलने और ठगने का काम किया है।

## खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने के लिए हर संभव मंच तैयार : सुनील खवाड़े

**देवघर संताल एक्सप्रेस।** देवघर जिला ओलंपिक संघ के तत्वावधान में 24 जून से 28 जून तक जिले में ओलंपिक दिवस सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान खेल एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही जिले के विभिन्न खेल संघों द्वारा चयनित चार-चार उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। देवघर जिला ओलंपिक संघ के प्लानिंग कमिटी के अध्यक्ष आशीष झा ने जानकारी देते हुए बताया कि ओलंपिक दिवस सप्ताह के अंतर्गत पौधरोपण अभियान, स्विमिंग प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान, पेंटिंग प्रतियोगिता तथा एथलेटिक्स टैलेंट हंट जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य खिलाड़ियों एवं युवाओं में खेल भावना, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।देवघर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि संघ खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए हर संभव मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करना तथा उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना संघ की प्राथमिकता है। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को नई ऊर्जा, प्रेरणा और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही जिले में खेल संस्कृति को मजबूत आधार प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. खवाड़े ने जिले के सभी खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों से ओलंपिक दिवस सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा ओलंपिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

## जैविक खेती और मोटे अनाज को बढ़ावा देने पर कार्यशाला



**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, झारखंड प्रदेश के निर्देश पर रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र, सुजानी (देवघर) में जैविक खेती एवं मोटे अनाज के प्रोत्साहन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ रवानी ने की। कार्यशाला में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, कम समय में फसल तैयार करने के उपायों तथा मोटे अनाज के महत्व और उसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के निदेशक विवेक कश्यप ने किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों और जैविक कृषि के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जैविक खेती से उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ती है और मिट्टी की उर्वरता भी लंबे समय तक बनी रहती है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नारायण दास ने भी किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और इसके आर्थिक तथा पर्यावरणीय लाभों पर प्रकाश डाला। वहीं, जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने मोटे अनाज की उपयोगिता, पोषण मूल्य और बाजार में बढ़ती मांग के बारे में जानकारी दी। विश्वनाथ रवानी ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे खेती की लागत कम होगी और बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकेगा। कार्यशाला में जिला प्रभारी अंजनी तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह भदौरिया, जिला मंत्री मनोज मिश्रा, बीटीएम शशांक शेखर, मीडिया प्रभारी दिगंबर रवानी, किसान मोर्चा के प्रदीप वर्मा, कार्यालय प्रभारी सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने विशेषज्ञों से खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की और अपने अनुभव भी साझा किए।


## बोलेरो की टक्कर से के तीन छात्र घायल

**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए सड़क हादसे में आईटीआई कॉलेज के तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक छात्र की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना निवासी मनीष कुमार, जसीडीह थाना क्षेत्र के बड़ा धमाना निवासी करण कुमार तथा वीरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। तीनों जसीडीह स्थित आईटीआई कॉलेज के छात्र बताए गए हैं। परिजनों के अनुसार, तीनों छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर कॉलेज से नाश्ता करने के लिए जसीडीह की ओर जा रहे थे।इसी दौरान बासुआडीह स्थित होमगार्ड कार्यालय के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित बोलेरो वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## मोहनपुर में तीन युवक हिरासत में ड्रग्स कारोबार से जुड़े तारों की जांच

**देवघर।** जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान तीन युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस उनसे गहन पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मामले के तार नशीले पदार्थों के कथित कारोबार से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र में लंबे समय से नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार की शिकायतें मिल रही थीं। इसी बीच पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि पुलिस तीनों से उनके संपर्कों और गतिविधियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी तक पुलिस की ओर से किसी प्रकार की बरामदगी या हिरासत में लिये जाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

## अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलटी टाटा सफारी



**सरैयाहाट।** हंसडीहा-भागलपुर मुख्य मार्ग पर हंसडीहा स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को एक टाटा सफारी कार अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन तेज गति में था और अचानक चालक का नियंत्रण वाहन पर से हट गया, जिससे कार सड़क पर पलट गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने चालक को वाहन से बाहर निकालकर सहायता प्रदान की। घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

# गाजे बाजे के साथ भगवान गणेश, राधा कृष्णा, बजरंगबली की प्रतिमाओं को कराया नगर भ्रमण



साहिबगंज- साहिबगंज नगर के हरिपुर शिवालय में आयोजित पांच दिवसीय राधा कृष्ण, गणेश भगवान एवं बजरंगबली प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को पूजा समिति के द्वारा गाजे बाजे के साथ सभी प्रतिमाओं को रथ पर रखकर नगर भ्रमण कराया. मंदिर के मुख्य पुरोहित सुनील पंडित ने बताया कि दूसरे दिन मंदिर में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से पूजन किया गया ओर संध्या बेला में भगवान गणेश, राधा कृष्णा, बजरंगबली की मूर्ति को फूलों से सजे रथ में सवार करके ढोल नगाड़ा गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने झूमते नाचते गाते नगर भ्रमण कराया. जिसमें महिला पुरुष श्रद्धालु काफी संख्या में शामिल थे. मौके पर पप्पू स्वर्णकार, संतोष मोदी, श्रवण मोदी, कुंदन साह, संजय यादव, नीरज कुमार, मुन्ना यादव, आशीष यादव, राजा सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

# जनुमटोला ग्रामीणों ने लिया कई निर्णय, भारी वाहनों के परिचालन बंद व पुलिस पर लगाया आरोप

राजमहल-तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाकुडी जनुम टोला में सोमवार को ग्राम प्रधान सरोज भूषण हेम्ब्रम की अध्यक्षता में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया. इस ग्राम सभा में मुख्य रूप से बोरियो विधानसभा के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम उपस्थित रहे. इस बैठक में ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर कई कड़े निर्णय लिए है. जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाकुडी मेन रोड से जनुम टोला होते हुए चौड़ी पहाड़ मौजा सीमा तक अब कोई भी भारी वाहन (पत्थर लदे ट्रक) नहीं चलेंगे.



ग्रामीणों ने तर्क दिया कि यह रास्ता जमाबंदी जमीन के अंतर्गत आता है और भारी वाहनों के परिचालन से रास्ते की स्थिति खराब होने के साथ ही दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है. एवं ग्रामीणों ने तीनपहाड़ थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ?बबलू हांसदा की गिरफ्तारी बीते 18 जून 2026 की रात करीब 12 बजे थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ मिलकर बबलू हांसदा को उसके घर से जबरन उठाया. ग्रामीणों का आरोप है कि इस दौरान उसे जातिसूचक गालियां दी गईं. ?महिला के साथ छेड़खानी किया गया. इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है. मौके पर विजय लोहरा, राजा लोहरा, सुरेश सोरेन, छकु हांसदा, तालामय किस्कू, बाले बीटी हेम्ब्रम, मुखी मुर्मू, मिरकु हांसदा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे.

# सड़क हादसा, एक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

बरहरवा- बरहरवा थाना क्षेत्र के बरहरवा-फरक्का मुख्य मार्ग पर रविवार रात करीब 8 बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.हादसा केचुआ पुल के समीप दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर से हुआ.प्राप्त जानकारी के अनुसार उधवा थाना क्षेत्र के पहाड़ गांव निवासी असरफ शेख उम्र 18 वर्ष पिता हाकिम शेख तथा बाकई टोला निवासी शाहिद शेख उम्र 22 वर्ष पिता खलील शेख और सनाउल शेख उम्र 35 वर्ष पिता उजिर शेख एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल संख्या जेएच 18 क्यू-1802) पर सवार होकर बरहरवा की ओर आ रहे थे.


## कार्यालय नगर पंचायत, राजमहल
अन्तर्राज्जीय बस अड्डा के पास, मटियाल, राजमहल, साहेबगंज, 816108
Email ID- nprajmahal@gmail.com

ज्ञापांकः.–559 / न0पं0, राजमहल, दिनांकः–18.06.2026 जून, 2026

–: अस्थाई बहाली हेतु विज्ञापनः–

कार्यालय नगर पंचायत, राजमहल में कार्यों के सुचारु संचालन हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर पूर्णतः अस्थाई आधार पर नियुक्ति / बहाली किए जाने हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र0सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या | नियुक्ति का प्रकार | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कंप्यूटर ऑपरेटर | 01 | पूर्णतः अस्थाई / दैनिक मजदुरी आधारित | नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित कार्य। |

1. **न्युनतम शैक्षणिक योग्यता** :–
I. मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमीडिएट उत्तीर्ण। II. कंप्यूटर संचालन में दक्षता अनिवार्य।
III. हिंदी एवं अंग्रेजी टाइपिंग का ज्ञान होना आवश्यक।
IV. MS Office, Internet, Email एवं विभागीय कार्यालय कार्यों का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. **आयु सीमा** :– न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 30 वर्ष तक
3. **पारिश्रमिक** :– श्रम विभाग द्वारा स्वीकृत दर।
4. **चयन प्रक्रिया** :– अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता, कंप्यूटर दक्षता परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।
5. **संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज :-**
I. शैक्षणिक प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति
II. कंप्यूटर प्रमाण पत्र (मान्यता प्राप्त संस्थान से ADCA कोर्स)
III. आधार कार्ड की प्रति IV. पासपोर्ट आकार का दो रंगीन फोटो V. अनुभव प्रमाण पत्र
6. **अन्य शर्तें / नियम** :–
I. नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी एवं आवश्यकता समाप्त होने पर सेवा स्वतः समाप्त मानी जाएगी।
II. चयन प्रक्रिया को बिना कारण बताए रद्द अथवा संशोधित करने का अधिकार कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
III. चयनित अभ्यर्थी को कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्य एवं समय का पालन करना अनिवार्य होगा।
IV. चयनित अभ्यर्थी द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
V. प्रारंभिक 90 (नब्बे) दिनों में सेवा संतोषजनक नही पाये जाने पर सेवा समाप्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा।
7. **आवेदन करने की प्रक्रियाः**– इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय अवधि में कार्यालय से दिनांक– 25 से 29 जून, 2026 तक आवेदन शुल्क 100.00 (एक सौ रूपये मात्र) प्राप्त कराकर प्राप्ति रसीद के साथ आवेदन प्राप्त कर अपना– अपना आवेदन–पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ बंद लिफाफे में दिनांक–01 जूलाई, 2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक स्वयं कार्यालय आकर **श्री दिनेश मंडल टैक्स दारोगा–सह–प्रधान सहायक** नगर पंचायत, राजमहल को जमा कर प्राप्ति रसीद लेंगे।

Sd/- कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, राजमहल

PR.NO. 382907 Urban Development and Housing(26-27):D



## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर
(जिला भू अर्जन शाखा)
दूरभाष सं० :–06432-232680 फैक्स :–06432-232967 ई–मेल :–deoghardlao@gmail.com

–: कार्यालय आदेश :–

कार्यापालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर के पत्रांक–1125 (अनु०), देवघर, दिनांक–26.06.2025 के माध्यम से **सारवां (NH-114A) से पालोजोरी भाया रायकुण्ड– महापुर पथ (कुल लम्बाई–28.110 कि०मी०) का चौड़ीकरण एवं** मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण **कार्य (पुल निर्माण सहित)** हेतु कुल–**33** मौजा में भू–अर्जन के लिए अधियाचना प्राप्त हुआ है। सरकार के सरकार के संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना ज्ञापांक–प०नि०वि० / 07–योजना–44 / 2023–5631(S), दिनांक–14.12.23 के माध्यम से प्राप्त निदेश एवं **विधि (विधान) विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना संख्या–163, दिनांक–29.09.2022** द्वारा अधिसूचित भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (झारखण्ड संशोधन) अधिनियम, 2017 में निहित प्रावधान के अनुरूप उक्त परियोजना हेतु भू–अर्जन की जानेवाली मौजा से संबंधित रैयतों के बीच ग्राम सभा कराने का प्रावधान है।

अतः अंचलाधिकारी, सारवाँ / सोनारायठाड़ी / पालोजोरी एवं कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर को निदेश दिया जाता है कि अधिसूचना में निहित प्रावधान के अनुरूप संबंधित हितबद्ध रैयतों के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए निम्नांकित विवरणी के अनुसार ग्राम सभा का आयोजन कर ग्राम सभा से संबंधित एक पंजी संधारित करते हुए संधारित पंजी जिला भू–अर्जन कार्यालय, देवघर को हस्तगत कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि विभागीय अधिसूचना के अनुरूप संबंधित परियोजना हेतु भूमि अर्जन संबंधी अग्रेतर कार्रवाई ससमय प्रारंभ किया जा सके। सुलभ प्रसंग हेतु प्राप्त अधियाचना (मौजावार) की छायाप्रति संलग्न। ग्राम सभा का आयोजन हेतु निम्नांकित रूप से तिथि का निर्धारण एवं पदाधिकारियों / कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाती है :–

| क्रं | मौजा का नाम | थाना संख्या | अंचल | कुल रकवा (एकड़ में) | ग्राम सभा हेतु निर्धारित स्थल एवं तिथि | प्रतिनियुक्त पदाधिकारी / कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया भदियारा | 192 | सारवाँ | 1.20 | ग्राम सभा स्थल– **पंचायत भवन, रक्ती** तिथि :–**25.06.2026** समय :–**11.00** बजे पूर्वा०। | अंचल अधिकारी, सारवाँ / सोनारायठाड़ी / पालोजोरी, संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक, सारवाँ / सोनारायठाड़ी, पालोजोरी, / अंचल निरीक्षक, सारवाँ / सोनारायठाड़ी / पालोजोरी, संबंधित पंचायत के मुखिया / संबंधित मौजा के ग्राम प्रधान, संबंधित पंचायत सचिव, सहायक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर / कानूनगो, कुमारी पुजा एवं श्री अविनाश कुमार, मापक एवं श्री अशोक कुमार, मापक, श्री मुरारी मंडल, मापक जिला भू–अर्जन कार्यालय, देवघर। |
| 2 | तुरुकडीह | 204 | | 0.81 | | |
| 3 | सहरपुर | 193 | | 0.265 | | |
| 4 | हेठ ठाड़ी | 194 | | 0.30 | | |
| 5 | उपरहाड़ी | 195 | | 0.12 | | |
| 6 | पंचरुखी | 307 | सोनारायठाड़ी | 0.280 | ग्राम सभा स्थल– **पंचायत भवन, सोनारायठाड़ी** तिथि :– 29.06.2026 समय :–**11.00** बजे पूर्वा०। | |
| 7 | आस्ता | 304 | | 0.39 | | |
| 8 | हरीकूरा | 265 | | 2.47 | | |
| 9 | सोनारायठाड़ी | 327 | | 0.395 | | |
| 10 | झुमरियाटांड़ | 332 | | 0.255 | ग्राम सभा स्थल– **पंचायत भवन, खिजुरिया** तिथि :– 03.07.2026 समय :–**11.00** बजे पूर्वा०। | |
| 11 | मकरा | 446 | | 1.80 | | |
| 12 | डोढवा | 443 | | 0.49 | | |
| 13 | कुशमाहा | 432 | | 1.435 | | |
| 14 | महुलीडीह | 444 | | 0.55 | | |
| 15 | परसबनी | 260 | | 0.450 | | |
| 16 | गादी | 388 | पालोजोरी | 0.135 | **पंचायत भवन, बाँधडीह** तिथि :– **07.07.2026** समय :–**11.00** बजे पूर्वा०। | |
| 17 | नवाडीह | 401 | | 0.18 | | |
| 18 | बाँधडीह | 390 | | 0.14 | | |
| 19 | विराजपुर | 329 | | 0.29 | | |
| 20 | रंगामटिया | 331 | | 1.73 | | |
| | कुल रकवा– | | | **13.69** | | |

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, देवघर

PR 382932 Deoghar(26-27)#D



## ।। कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी गोड्डा ।।

### आम सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का संचालन किया जाना है, जिसका उद्देश्य राज्य में दुध, मॉस, अंडा के उत्पादन में वृद्धि कर राज्य को आत्म निर्भर बनाना, ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन के माध्यम से स्वरोजगार सृजन तथा अतिरिक्त घरेलु आमदनी सृजन एवं ग्रामीण पशुपालकों के आय में वृद्धि करना है। पशुपालन प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं हेतु गोड्डा जिले के योग्य पशुपालकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रारूप / प्रपत्र प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। योग्य लाभुकों का चयन राज्यादेश संख्या–09 रा0 (वि0) दिनांक–08.06.2026 के शर्तो के अनुसार ग्राम सभा के माध्यम से किया जाना है। ग्राम सभा के द्वारा चयनित लाभुकों की सूची पूर्ण विवरण सहित (आवेदन के साथ) प्रखण्डों के प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी गोड्डा के नाम से आमंत्रित किया जाता है। सभी प्रखण्डों से प्राप्त अनुशंसित लाभुकों के चयन पर उपायुक्त, गोड्डा के अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कमिटी द्वारा अंतिम रूप दिया जायेगा।

**पशुपालन प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का विवरणी निम्न है:–**

| योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य | योजना की कुल राशि | अनुदान प्रतिशत | सरकारी अनुदान की राशि | लाभुक अंशदान का प्रतिशत | लाभुक अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बकरा विकास योजना (8+2) प्रजनन ईकाई | 342 | 49600/- | 75% | 37200/- | 25% | 12400/- |
| | 202 | 49600/- | 90% | 44640/- | 10% | 4960/- |
| सूकर विकास योजना (4+1) प्रजनन ईकाई | 85 | 57800/- | 75% | 43350/- | 25% | 14450/- |
| | 50 | 57800/- | 90% | 52020/- | 10% | 5780/- |
| बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट विकास योजना (400 चूजा) अंडा उत्पादन हेतु | 81 | 118200/- | 75% | 88650/- | 25% | 29550/- |
| | 48 | 118200/- | 90% | 106380/- | 10% | 11820/- |
| ब्रायलर कुक्कुट विकास योजना (500 चूजा) मांस उत्पादन हेतु | 148 | 67500/- | 75% | 50625/- | 25% | 16875/- |
| | 88 | 67500/- | 90% | 60750/- | 10% | 6750/- |
| बत्तख चूजा वितरण योजना (30 चूजा) अंडा उत्पादन हेतु | 588 | 3400/- | 75% | 2550/- | 25% | 850/- |
| | 347 | 3400/- | 90% | 3060/- | 10% | 340/- |
| भेड़ पालन योजना (8+2) प्रजनन ईकाई | 62 | 49600/- | 75% | 37200/- | 25% | 12400/- |
| | 37 | 49600/- | 90% | 44640/- | 10% | 4960/- |

**पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एंव शर्तेः–**

01. सभी योजनाओं के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा के उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से किया जायेगा।
02. चयनित ग्रामों में लाभुकों का चयन संबंधित ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा, चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य हैः–
(क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो, इस संबंध में लाभुकों को आवासीय, जाति प्रमाण–पत्र एवं आधार संख्या जमा करना अनिवार्य होगा।
(ख) चयन प्रक्रिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों / प्रशिक्षण प्राप्त पशुपालकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
(ग) विगत पॉच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अंतर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें अनुदान अनुमान्य नही होगा।
03. पशुपालन योजना के अंतर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान / बैंक ऋण पर किया जायेगा।
04. योजना / कार्यक्रम अन्तर्गत पशु / पक्षी के निवास के लिए पशु शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा अभिसरण से किया जायेगा।
05. पशु पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित / सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा किया जायेगा।
06. अनुदान की राशि नियमानुसार चयनित लाभुकों के बैंक खातों में DBT के माध्यम से योजना–सह–वित्त विभाग झारखंड / झारखंड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में हस्तांतरित किया जायेगा।
07. अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/ Dedicated Account में जमा करना अनिवार्य होगा। खाता अपने पोशण क्षेत्र का ही होना चाहिए। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही संबंधित जिला के पदाधिकारी अनुदान की राशि लाभुक के खाता में हस्तांतरित करेंगे।
08. ब्रायलर कुक्कुट / लेयर कुक्कुट एवं सूकर विकास योजना के लिए जमीन संबंधी दस्तावेज की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
09. SC/ST के लाभुक सहित विधवा (50 वर्ष के नीचे की महिला) निःसंतान दंपत्ति, दिव्यांग लाभुकों को आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. इक्छुक पशुपालक अपना आवेदन आवश्यक कागजात के साथ संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास दिनांक 15.07.2026 तक जमा करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
गोड्डा

PR 382924 (Animal Husbandry) 26-27 (D)



## e-Procurement Cell
ENERGY DEPARTMENT
GOVT.OF JHARKHAND
Electrical Executive Engineer Electric Works Division, Dumka

Very Short Term e- Procurement Notice
Ree-Tender Reference No.- Energy/EWD/Dumka/09/2026-27Dated-22-06-2026

| Sl. NO. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Tender Fee (Bid Document Fee) | Bid Security | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| I | S/R to E.I. in Ground & 1st Floor of Adminstrative Building at Baba Baidhnath Temple, Deoghar. | 14,22,270=00 | 2,500=00 | 28,500=00 | 21 Days. |
| 2. | Date of Publication of tender on website | 25.06.2026 | | | |
| 3. | Online bid submission period | From 25.06.2026 at 01:00 PM to 01.07.2026 at 2:00 PM | | | |
| 4. | Technical Bid Opening Date | 02.07.2026 at 02:30 PM | | | |
| 5. | Name and address of the office to inviting tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka | | | |
| 6. | Name and address of the office to Open the tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka | | | |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06434-291091 | | | |
| 8. | Helpline number of e- Procurement cell | 06434-291091 | | | |

**Note: - Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**
Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division Dumka.

PR 382988 (Energy)26-27*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका
Email:- eengbcddumka-jhr@nic.in

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–12 / 2026–27

1 विज्ञापनदाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – 08.07.2026 1:00बजे अपराहन तक।
3 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 09.07.2026 3:00बजे अपराहन तक।
4 मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 09.07.2026 3:30बजे अपराहन।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – (क) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका का कार्यालय।
(ख)कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
(ग)सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – क्रमांक 5 में वर्णित स्थानों पर।
7 कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Vermi compost tank at S.K.M.U. Dighi Dumka | Rs.2,53,600/- | Rs.5,100/- | Rs.750/- | 1 Month |

नोटः– निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, दुमका।

PR.NO.382912 Building(26-27):D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water and Sanitation Mechanical Division,Dumka

Very Short Notice Inviting e-Quotation
Notice No:-03/2026-27

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/ revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited forRenovation of Govindpur, Madhupur rural water supply schemepertaining to drinking water supply from Reputed Manufacturers/Authorized Dealers/suppliers for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in drinking water supply scheme shall be submitted online in the website http://Jharkhandtenders.gov.in. Details and list of materials are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 25.06.2026 at 10:30 hrs. to 02.07.2026at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 03.07.2026 at 16:00 Hours.
The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Address for Communication:-**
Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Dumka.
Address : Near Judges Colony Airport Road
PaniTankiDumka- 814101.
Landline No : 06434-2308988
e-mail ID : eedwsdmechdivisiondumka@gmail.com.

Executive Engineer,
D.W.& S. Mechanical Division
Dumka.

PR.NO.382929 Drinking Water and Sanitation(26-27):D



## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, दुमका

–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड राँची के **राज्यादेश संख्या 09 रा0 (विभाग) दिनांक – 08.06.2026** के आलोक में **वित्तीय वर्ष– 2026–27** के तहत् मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर युवाओं / युवतियों को स्व–नियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके पलायन को रोकने के उद्देश्य से अनुदानित / लाभुक अंशदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु पशुपालन प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु इच्छुक पशुपालक विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

योजना का विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | भौतिक लक्ष्य (मदवार) 90% अनुदान पर TSP | 90% अनुदान पर SCSP | 75% अनुदान पर TSP | 75% अनुदान पर SCSP | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8+2 बकरा विकास योजना | 49,600/- | 326 | 38 | 210 | 45 | 619 |
| 2 | 4+1 सूकर विकास योजना | 57,800/- | 81 | 9 | 52 | 11 | 153 |
| 3 | 400 बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन ) योजना | 1,18,200/- | 76 | 10 | 48 | 12 | 146 |
| 4 | 500 ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना | 67,500/- | 141 | 16 | 91 | 20 | 268 |
| 5 | 30 बत्तख चूजा वितरण की योजना | 3,400/- | 558 | 65 | 360 | 77 | 1060 |
| 6 | 8+2 भेंड पालन योजना | 49,600/- | 59 | 7 | 38 | 8 | 112 |

**लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तेः–**

- पशुपालक झारखण्ड राज्य के दुमका जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ ग्राम सभा के द्वारा सुयोग्य लाभुकों का आवेदन सृजन किया जायेगा।
- पंचायत / ग्राम सभा से सृजित लाभुकों के आवदेन पर प्रखण्ड स्तरीय अनुमोदन समिति के अनुशंसा उपरांत अंतिम स्तर पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा।
- 75% के अनुदान की योजना का लाभ जिले के सभी वर्ग के पशुपालकों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ नियमानुसार दिया जाएगा।
- 90% के अनुदान की योजना का लाभ अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजातति / असहाय विधवा औंरत / दिव्यांग / निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो को लाभ दिया जायेगा।
- सूकर विकास की योजना / बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) / ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना के लाभुकों का गृह निर्माण मनरेगा अभिसरण के तहत् किया जायेगा।
- विगत पांच वर्षो में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS) अन्तर्गत परिभाशित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- सभी योजनाओं के अनुदान की राशि मुहैया कराने हेतु विभाग स्तर से लाभुकों का Escrow Account /Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि संबंधित खाता में हस्तांतरित किया जायेंगा। पंचायत स्तरीय समिति / ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान राशि जिला स्तरीय चयन समिति के अंतिम रूप से चयनित लाभुकों को 01 माह के अन्दर संबंधित Escrow Account /Dedicated Bank Account में जमा कराना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा होने के उपरांत ही अनुदान राशि संबंधित Escrow Account /Dedicated Bank Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा। तत्पश्चात लाभुकों को पशुओं के क्रय / प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पशुधन / पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुश्त आपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जायेगी।
- आवेदन करने की अंतिम तिथि 10.07.2026।

नोटः– अधिक जानकारी के लिए संबंधित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय / प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय / जिला पशुपालन कार्यालय, दुमका से प्राप्त किया जा सकता है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, दुमका

PR 382910 Animal Husbandry(26-27)#D


# भाजपा का प्रगति पथ यात्रा साहिबगंज- मनिहारी गंगा पुल निर्माण कार्य का देखा प्रगति



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज -केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्षसेवा के ,सुशासन के ,जनकल्याण के पूरे होने पर राजमहल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा प्रगति पथ यात्रा साहिबगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल के नेतृत्व में साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल निर्माण कार्य का प्रगति देखा. भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के द्वारा कई योजनाओं को जनता के बीच पहुंचने का संदेश दिया .मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार आज दीक्षित भारत की अग्रसर है. साहिबगंज में गंगा पुल निर्माण , प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान निधि योजना सहित कई योजना केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही है .मौके पर पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा के पीएम किसान निधि योजना के लाभार्थी जगदीश यादव को अंग देकर सम्मानित किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी शिव मंडल को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. मौके पर साहिबगंज ग्रामीण की पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, महामंत्री ओम प्रकाश पांडे, राम प्रताप चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, अभय पासवान, पवन यादव, राजीव कुमार, कुंदन मंडल, अनूप लाल महतो ,मुरारी चौधरी, मनोज कुमार यादव, यशवंत पासवान, विकास पासवान, अभिनंदन कुमार, कन्हाई मंडल, महेश मंडल, मंटू मंडल, सुनील कुमार यादव, जयकांत वर्मा, दुखन मंडल ,राजीव मंडल, निरंजन यादव ,तपेश मंडल ,गणेश सिंह, उपेंद्र सिंह सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

# दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन

साहिबगंज-झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, राज्य शहरी विकास अभिकरण के बैनर तले रांची के कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में अमृत 2.0 के तहत् दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें राज्य के अन्य निकायों के अध्यक्ष के साथ-साथ साहिबगंज के नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान ने भी शिकरत की. रामनाथ पासवान ने बताया कि पहले दिन अमृत 2.0 के तहत् शहर के घरों में नल से साफ पानी, हर घर से गंदा पानी निकालने का पक्का इंतजाम, तालाब व कुआं बचाना एवं गंदे पानी को साफ करके दोबारा इस्तेमाल करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई. रामनाथ पासवान ने साहिबगंज में अमृत 1.0 में हुए कार्यों से अवगत कराया.साथ ही गंगा के किनारे मौजूद राज्य के एक मात्र शहरी निकाय की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला.

# मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

राजमहल- मुहर्रम को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को थाना परिसर में एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में एसडीपीओ ने कहा कि मुहर्रम पर्व में लाईसेंस धारी अखाड़ा के द्वारा पूर्व से निर्धारित सड़क मार्ग से जुलूस निकाला जाएगा. अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है. मुहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन सजग है. किसी भी समस्या पर प्रशासन व पुलिस को सूचित करें. आपसी सद्भाव के साथ पर्व संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की बात कही.थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह को न फैलाएं. गलत मैसेज फॉरवर्ड ना करें. तय रूट से ही मोहर्रम का जुलूस निकाले. भीड़ वाली जगह में पार्किंग की व्यवस्था करें. उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की. नपं उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ ने भी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की. कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने से तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# शांति समिति की बैठक

**राजमहल ।** तीनपहाड़ थाना परिसर में मुहर्रम का त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार शाम शांति समिति की बैठक राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई.बैठक में पुलिस प्रशासन,जनप्रतिनिधि सहित मुहर्रम कमेटी के सदस्य और गणमान्य मुख्य रूप से मौजूद थे.बैठक में थाना क्षेत्र में होने वाले विभिन्न मुहर्रम कमिटियों से अखाड़ा जुलूस निकाले जाने का रूट चार्ट की जानकारी ली गई.पुलिस प्रशासन ने सभी कमिटियों से निर्धारित मार्ग एवं समय का पालन करते हुए अखाड़ा जुलूस को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने का आग्रह किया. तीनपहाड़ मोहर्रम कमिटी ने बताया कि छोटी ताजिया नवमी को ओर बड़ी ताजिया ओर अखाड़ा जुलूस दशमी को दोपहर 3 बजे इमामबाड़ा से निकल पर पूरे बाजार में घूमते हुए रात्रि 11 बजे सम्पन्न करवाई जाएगी.इस दौरान बैठक में उपस्थित एसडीपीओ श्री त्रिपाठी ने ताजिया और निशान की ऊंचाई एक निर्धारित सीमा तक रखने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि अत्यधिक ऊंचा रहने से बिजली के तारों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ जाता है.और किसी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

# एसआईआर को लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहेट- बरहेट प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीडीओ अंशु कुमार पांडेय की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बैठक हुई. बैठक में प्रखंड के बीएलओ एवं सुपरवाइजर शामिल हुए.बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि सभी बीएलओ और सुपरवाइजर 30 जून से 29 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी देंगे तथा आवश्यक कार्यों का निष्पादन करेंगे. उन्होंने बताया कि एसआईआर कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सभी संबंधित कर्मियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया है. ताकि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य कर सकें.बीडीओ ने आगे जानकारी दी कि मंगलवार से प्रखंड स्तर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी दो दिवसीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. जिससे एसआईआर प्रक्रिया को सफल एवं पारदर्शी तरीके से संचालित किया जा सके.मौके पर प्रखंड निर्वाचन नोडल पदाधिकारी रुकेश गुप्ता, सुपरवाइजर आदित्य भगत, राजू शाह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

# पूर्वी सिंहभूम : फायरिंग मामला फान्डावेना, साप् केदेयाको दुसी



खोबोरिया

**पूर्वी सिंहभूम।** साकची थाना टोठा रेयाक् बंगाल क्लब रोड रे मेनाक् अभिषेक जुबली चाय दुकान सोर रेस होयेन फायरिंग रेयाक् घोटना दो पुलिस फान्डाव तुलुच् मित्टेन दुसीको साप् केदेया। साप् केदे दुसीयाक् पाछ्नाव दो गोलमुरी टुइलाडुंगरी रेन गिरासी 28 बोछोर विपिन शुक्ला रूप रे होय आकाना। पुलिस दो उनी ठेन खोन मित्टेन बेआईनी देसी पिस्तौल आर मैगजीन होंको ञाम केदा।

पुलिस ठेन खोन ञाम आकान खोबोर लेकाते, 19 जून हिलोक् ञिन्दा मोटामुटी 10 बजे बंगाल क्लब रोड रे मित्टेन आनाड़ी जुवान फायरिंग काते टोठा रे भोयोन पासनाव रेयाक्ए कुरूमुटू लेदा।घोटना तायोम पुलिस दो ओन्डे खोन 7.65 एमएम रेयाक् मित्टेनखोखाको ञाम केदा। मामला रेयाक् हामाल ञेलते वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेयाक् बातलाव रे पुलिस अधीक्षक (नगर) आक् आयुर आरसिटी डीएसपी सुधीर कुमार महतोवाक् तानखी रे जापुत् टीमको गोठोन केदा। जांच रे पुलिस दो तकनीकी आर भितरी खोबोर लेका रे दुसीको पाछ्नाव केदेया। ओना तायोम 21 जून हिलोक् उनी दो सीतारामडेरा बस स्टैंड सेच् चालाक् ओकते हाथीघाड़ा मंदिर ठेनको साप् केदेया। पूछताद रे दुसी दो फायरिंग रेयाक् घोटना रे सेलेत् ताहेंकान काथाय आंगोच केदा। ओतेमाहां हिलोक् खोबोरियाको सोंगे गापालमाराव ओराम काते डीएसपी सुधीर कुमार महतो दोय लाई केदा जे दुसीयाक् लाई लेका रे स्वर्णरेखा गाडा आड़े रेयाक् गाजाड़ रे ओको आकात् घोटनारे बेवहारेत् बेआईनी देसी पिस्तौल आर मित्टेन मैगजीनको ञामकेदा। पूछताछ रे दुसी दोय आंगोच केदा जे उनी दो बंगाल क्लब रोड रेन दुकानदारको बोतोर ओचो काते आर रंगदारी कोयको लागित् तेय फायरिंग लेदा। पुलिसाक् लाई लेकाते, दुसी उपार रे आ र्स एक्ट सांवते जुदा-जुदा धाराको लेकाते मामलाको ओल राकाप् केदा आर न्यायिक हिरासत रेको कोल केदेया। सांवते मामला सांव जोड़ाव एमानतेयाक् उटीको आर उनी रेन होय दाड़ेयान सोंगेको बाबोत होंको जांचेत् काना।

# पूर्वी सिंहभूम : खाण्डाबाण्डा सालाक्को साप् केत्किना बारया कुरमुताहा



खोबोरिया

**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा थाना पुलिस दो सोमोय ताहेंन रे कार्रवाई तुलुच् मित्टेन होय दाड़ेकोक् माराङ घोटनाको दोमबड़ाव केदा। पुलिस दो नागाडीह टान्डी सोर रे जापुत् काते बारया कुरमुताहाको साप् केत्किना। उनकिन ठेन खोन मित्टेन लोडेड देशी पिस्टल, मोंड़े गोटेच् जिवेत् कारतूस, मित्टेन मोबाइल फोन आरमित्टेन स्कूटीको ञाम केदा। नोआ बाबोत रे बागबेड़ा थाना रे आ र्स एक्ट तारी रे मामला ओल राकाप् काते बानार कुरमुताहा न्यायिक हिरासत रेको कोलकेत्किना। ओतेमाहां हिलोक् ग्रामीण एसपपी शुभम खंडवाल दो खोबोरियाकोसोंगे गापालमाराव रेय लाई केदा जे ञिन्दा सेच् पुलिस दोभितरी-भितरी ते खोबोरको ञाम लेदा जे नागाडीह टान्डी सोर रेमित्-बार दिगधावान होड़ जारवा काते जाहांन घाट कामीय रेयाक्पोन्थाको बेनावेत् काना।

नोआ खोबोर रे लागियापाड़ावोक् तुलुच्वरीय अधिकारीकोवाक् बातलाव रे मित्टेन जापुत् टीमको गोठोनकेदा। टीम दो उसारा ते ओना टोठाको घेराव आचुर केदा आर कार्रवाईको एहोप् केदा आर ओन्डे खोन बारया दिगधावान होड़कोसाप् केत्किना।

तलाशी रे उनकिन ठेन खोन बेआईनी खाण्डाबाण्डा आर कारतूसको ञाम केदा। पुलिस दो खाण्डाबाण्डा सालाक् ते सकूटी आरमोबाइल फोन होंको हाजोत केदा। पुलिस जांच रे सोदोरेना जे मंगल टुडू दो लाहा खोन गे घाट कामी रेयाक् नागाम मेनाक् ताया। उनी उपार रे जमशेदपुर आर सरायकेला-खरसावां रेयाक् जुदा-जुदा थाना रे होड़ गोच् रेयाक् कुरूमुटू, लूटपाट, बेआईनी खाण्डाबाण्डा दोहोय आर एमान तेयाक् लाटू घाटको सोंगे जोड़ाव मित् दोरजोन खोन हों जासती मामला ओल राकाप् मेनाक्आ।

# डंपर रेयाक् ठोकोर ते बाइक तेन होड़े गोच् एना



खोबोरिया

**पूर्वी सिंभूम।** गोविंदपुर थाना टोठा रेयाक् घोड़ाबांध नया रोड रे ओतेमाहां हिलोक् सोड़ोक घोटना रे मित्टेन बाइक तेन होड़े ओन्डे गेय गोच् एना, आर से नोते उनी सालाक् ते बाइक रेय ताहेंकान मित्टेन हाड़ाम दो आड़ी काजाके घाल एना। घाल आकान हाड़ामाक् रान-मुरगान दो टाटा मोटर्स अस्पताल रे चालाक्कान ताया। घोटना तायोम डंपर चाक्लाविच् दो गाडी बागीकातेय दाड़ताप् केदा। ञाम आकान खोबोर लेकाते, सुखदेव गोराई (43) दो आच् रेन सोंगेकालिदास राजुआड़ (62) सालाक् ते बाइक तेय चालाक्कान ताहेंकाना। उन जोखेच् गे घोड़ाबांध नया रोड रे तापिस रे हिजुक्कान ताहेंकानमित्टेन डंपर दो उनकिनाक् बाइक आड़ी काजाके ठोकोर केदा। ठोकोर नुनाक् मुरूक ताहेंकाना जे बाइक चाक्लाविच् सुखदेव दोघोटना जायगा रे गे जिवीय आड़ाक् गिडी कादा, आर से नोतेकालिदास राजुआड़ दो आड़ी काजाके घाल एना। घोटना तायोम घोटना जायगा रे होड़ाक् भीड़ जारवायेना। टोठाकिया होड़ दो उसाराते घालाकान हाड़ाम रान ओचोये लागित् ते नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तेको इदि केदेया। ओन्डे एतोहोप्रान-मुरगान तायोम उनीयाक् मुसकिल हालोत ञेलाते मोंज रान-मुरगान लागित् टाटा मोटर्स अस्पताल तेको रेफर केदेया।

घोटना रेयाक् खोबोर ञाम सांवते गोविंदपुर थाना प्रभारी पवन कुमार दो पुलिस टीम सालाक् ते ओन्डेय सेटेरेना। पुलिस दो गोच्एन होड़ाक् मांडी आपनार गोबोल रे दोहो काते पोस्टमार्टम लागित्को कोल केदा। सांवते घोटना रे सेलेत् डंपर दोको हाजोत केदा। हें मेनखान चाक्लाविच् दो गाडीय ञिर बागीयादा, जाहांय दो पुलिसको सेंदरायेदे काना। नित पुलिस दो मामला रेयाक् जांच रेकोलागावाकाना।

# सेरमा चेटेर ञुर तेय गोच् एना मित्टेन चासी



खोबोरिया

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड रेयाक् हुसीर पंचायत तारी रे मुनगा टोली, रोन्हे आतो रे सिंगेमाहां हिलोक् ञिन्दा चेटेर ञुर ते 52 बोछोर रेन चासी निस्तार टोपनोय गोच् एना। घोटना तायोम पुराउ आतो रेन होड़को दुक एना। ञाम आकान खोबोर लेकाते निस्तार टोपनो दो आयाक् बाड़गे रे चास कामीय कामीकान ताहेंकाना। उन ओकते गे सेरमा रे दाक्ए उनाउ केदा आर दाक् हिजुक् ञेल ते उनी दो ओड़ाक् ते रूवाड़ोक्ए लागावेना। ओड़ाक् आउरी सेटेरोक् रे गे चेटेर ञुर ते उनी दो आड़ी काजाके घाल एना आर ओत रेय भिन्दाड़ेना।

घोटना रेयाक् खोबोर ञाम सांवते आतो होड़ दो पंचायत मुखिया प्रदीप गुड़ियाको खोबोरादेया। मुखिया दो लागियापाड़ाव उदुग तुलुच् एंबुलेंस बेबोसता काते घाल आकान निस्तार टोपनो रेफरल अस्पताल, तोरपा तेय कोल केदेया। हें मेनखान अस्पताल सेटेरेन रे रारानको दो जांच तायोम उनीय गोच्एन काथाको सारसादले केदा। उनीय गोच्एन रे घारोंज रेन होड़ दो राक्-राक् तेको लांगाचाबायेना। आर से नोते आतो होड़ दो प्रशासन ठेन दुखाली घारोंज आपदा राहत सेच् खोन लेकमान मुआवजा आर सरकारी गोड़ो एमाकोवाको लागित्को खोजको दोहो केदा।

आसोल काथा दो नोआ काना जे सिंगेमाहां हिलोक् जिला रेयाक् कर्रा प्रखंड रेयाक् कच्चाबारी पंचायत रे मेनाक् पतरा टोली रे होंचेटेर ञुर ते मित्टेन जुवाने गोच् लेना।

# मार्शल आर्ट्स आर योग रेयाक् हाहाड़ा मिदुन : ताइक्कांडो खिलाड़ीको हामेट केदा हुदिस केटेज रेयाक् मान्तार

खोबोरिया

**दुमका।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ओपसोर रे दुमका रेयाक् इंडोरस्टेडियम रे मित् विशेष योगा यास कामीहोरा ओरामेना। नोआ दो झारखंड राज्य महिला ताइक्कांडो संघ रेन अध्यक्ष आर दुमका जिलाताइक्कांडो संघ रेन सचिव स्मिता आनंदाक् बातलाव रे होय एना। नोआकामीहोरा रे ताइक्कांडो खिलाड़ीको, इतुन एक्मोक्को आर खिलोडसांव जोड़ाव एटाक् रासियाको आड़ी रासका सालाक्को सेलेत् एनाआर सोंगेते योग काते निपुट आर फिटनेस ताहेंन रेयाक् संदेशको एम एना।

नोआ ओपसोर रे खिलाड़ीको ताला रे स्मिता आनंद दोय मेन केदा जेयोग दो एकेन होड़मो रेयाक् व्यायाम दो बाङ काना, बिचकोम नोआदो शांति, होड़मो रे दाड़े आर हुदिस-बुंदिस चोखोय दोहोयेत्काना। नेबेताराक् ञिरान आर आउझाउ जियोन रे योग रेयाक्लाकती दो आरतेत् गे ढेर आकाना। मित् गे तालाव योगा यास ते जाहांय गे निपुट, फुरती आर मोंज जियोनको जिवेत् दाड़ेयाक्आ। उनी दोजोतोको योग दो आपनार दिनाम दिनाक् मित् हिंस बेनाव आर एटाक्को हों नोआ बाबोत रे जागवारको रेयाक् होंयनेहोरात्कोआ। नोआ योगा यास नापाय साहिच् ओराम रे ताइक्कांडो प्रशिक्षक चन्दनसोनकर आर कोमल कुमारीयाक् माराङ गोड़ो ताहेंयेना।खिलाड़ीकोवाक् नोआ कुरूमुटू ते नोवाय साबित केदा जे मार्शल आर्ट्स सांव-सांवते योग हों आपनार बांचाक् आर हुदिस केटेजलागित् उनाक् गे लाकती गेया।



# डालसा दो संत जेवियर्स स्कूल रेन गिदराको निसा बाबोत रेय जागवार केत्कोआ



खोबोरिया

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय रेन न्यायामूर्ति सांवते कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसादाक् उनुदुक् रे निसा चाबाय बाबोत रे रांची रेयाक् संत जेवियर स्कूल, डोरंडा रे डालसा दो सीआईडीयाक् गोड़ो ते विधिक जागवार कामीहोराय ओराम केदा। ओतेमाहां हिलोक् ओरामेन कामीहोरा रे डिप्टी एलएडीसी राजेशकुमार सिन्हा, लाईफ सेवर्स एनजीओ रेन प्रमुख अतुल गेरा, एनसीबी रेन शारिक उमर, सीआईडी रेन नवीन कुमार, रिजवान अंसारी, विधि रेन पाठवाको सांवते आयमाको सेटेराकान ताहेंकाना।

---------------------

**पुनर्वास केंद्र आर एनजीओ दो निसायेत्कान होड़को गोड़ोवाको काना: राजेश**

---------------------

कामीहोरा रे डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा दोय मेन केदा जे नालसा (डॉन) योजना 2025 राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण सेच् खोन एहोप् आकान नोआ दो मित्टेन राष्ट्रीय विधिक पोन्था काना। नोआरेयाक् आसोल जोस दो कानूनी गोड़ो, होड़ जागवार आर बासाओराको दाराय ते दिसाम दो निसा खोन रूखियाय आर निसावान रानको तेको हेवा आकान होड़ मोंज डाहार ते आगु रूवाड़को काना। उनी दोय मेन केदा जे कांके रेयाक् पुनर्वास केंद्रको सांव-सांवते एनजीओ हों निसायेत्कान होड़को मोंजको रेको गोड़ोवाको काना। सीआईपी आर रिनपास रे जिला विधिक सेवा प्राधिकाराक् लीगल एंडक्लिनिक काना, जाहां रे दो ओनकान निसायेत्कान होड़को रानेत्कोआ। नोआ रे जिला विधिक सेवा प्राधिकारी, रांचीयगोड़ोक् काना। आर से नोते लाईफ सेवर्स एनजीओ रेन अतुल गेरा दोय मेन केदा जे जुवान पाठवा कोड़ा-कुड़ीको निसावान रान आर निसा जिनिसकोबाबोत रे बानाडाय ताहेंन दो आड़ी लाकती गेया, जेमोन ओनको दो नोआ बेवहार खोनको बांचाव दाड़ेयाक् आर एटाक् होड़ हों बांचावकोमा। निसा खोन बांचाक् लागित् अतुल गेरा दो सेटेराकान ताहेंन पाठवाको आर एमान होड़कोय एकराड़ ओचो केत्कोआ।

# तिब्बत रे मांड़ी बाङ दोको सारा सेंगेला आर बाङ दोको तोपा, नोन्डे आड़ी हाहाड़ावानाक् आरीचाली

खोबोरिया

**नावां दिल्ली।** दुनिया रे उरू छुनकामी दो आयमा लेका ते होयोक् काना, आदोम जायगा रे मांड़ीको सारा सेंगेलेत् काना आदोम जायगारेको तोपायेत् काना आर आदोम जायगा रे जालापुरी रेको आतुयेत् काना, मेनखान भारत रेयाक् मित्टेन नोड्कान टोठा मेनाक्आ जे ओन्डे बेण्डाव तायोम मांड़ी दो बुरू चोट रे इदी कातेत् गिदी सामाङ रेको बागी आटोवात् काना। एना मोतो दो बाङ ओना खोन माड़ाङ मांड़ीको गेत्एत् काना जेमोन चेड़ें दो ओना आलगातेको जोम दाड़ेयाक्आ। पाहिल धावपे ञेल लेखान नोआ आरीचाली दो आड़ी हाहाड़ा गेया आर आड़ी बोतोर बुझाक्आ, मेनखान ओन्डेनको होड़ दो नोआ मित्टेन सोनोत धोरोम आरीचालीको मेतावात् काना। ओनकोवाक् मेमेन दो नोआ काना जे नोआ ते बेण्डावेन होड़ाक्आत्मा शांतिय ञामेत् काना आर उनी दो दोसार धाव जोनोमोक्लागित् तेय मोहण्डाक् काना। मीडिया रिपोर्ट लेका ते नोआआरीचाली दो तिब्ब रेको कुरावेत् काना। नोआ दो स्काई बुरियलआर सेरमा रे मुचात् कामीहोराको मेतावात् काना। तिब्बत रेहोड़ाक् मेमेन काना जे बेण्डाव तायोम होड़मो दो एकेन खाली खोलगे ताहेंन काना। आत्मा दो होड़मोय बागियात् काना, ओना इयातेमांड़ी दो सिरजोनिया रेको जिमा गे जोतो खोन माराङ दानकोमेतावात् काना। जाहांय होड़को बेण्डावेन तायोम उनीयाक् मांड़ी दोपुन्ड किचरीच् रे बेदहाव कातेत् ओड़ाक् रे मित् कोना रेको दोहोयेत् काना। ढेर काय ते पे खोन मोड़े दिन हाबिच् मांड़ीकोओन्डे ताहेंन काना। उन ओकते बोद्ध भिक्षु आर लामा धोरोमकोबांखेड़ेत् काना। पातियाउ मेनाक्आ जे नोआ ते बेण्डावेन होड़ाक्आत्मा शांतिय ञामेत् काना आर ओना दो सोरोग पुरी चालावलागित् तेय डाहारे ञामेत् काना। सागुन दिनको गोटाय तायोम गे मांड़ी दो बुरू रेको बेनाव आकात् मोहोतानाक् स्काई बुरियलजायगा तेको इदीयेत् काना। नोआ जायगा दो आतो टोठा खोन आड़ी सांगिञ रे ताहेंन काना। सेताक्-सेताक् मांड़ी दो बुरू चोटरेको इदीयेत् काना।



# मोड़ेंयाक् पीढ़ी रेयाक् स्टील्थ लाड़हाई उडानगाडी दो एआई तकनीक ते सापड़ाव होयोक्कान

खोबोरिया

**नावां दिल्ली।** भारत रेयाक् महत्वाकांक्षी एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एएमसीए कार्यक्रम दो उसाराते लाहा चालाक् काना। भारतीय वायुसेना लागित् विकसित लाहाक्कान नोआ मोड़ेंयाक् पीढ़ी रेयाक् स्टील्थ लड़ाकू विमान दो नाहांक्तेयाक् तकनीकको ते लैस सापड़ाव होयोक् काना। रक्षा विशेषज्ञकोवाक् मेन काना जे एएमसीए डिजाइन सोमोय दुनिया रेयाक् एटाक् नाहांक्तेयाक् लड़ाकू विमानको, खासकायते अमेरिकी एफ35 सांव जोड़ाव अनुभवको आर लिलकारको हों धेयान दोहोय होयोक् काना। मीडिया रिपोर्ट लेकाते, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी आर रक्षा अनुसंधान आर विकास संगठन होतेते विकसित होयोक् कान एएमसीए रेयाक् मोतलोब नोड्कान प्लेटफॉर्म तेयार होयोक्आ, ओकादो लाड़हाईक्षेत्र रे चेतान बिसवासतेयाक्, कोमदोहोजोगाव लागत आर बेसते चालाव दाड़ेय एमावाक्। एएमसीए रेइंटीग्रेटेड व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम लागावक्आ, ओकादो विमान रेयाक् आयमा सिस्टमकोय निगरानी ञेलाक्आ। नोआ रेयाक् मोतलोब होयदाड़ेयाक् तकनीकी मुसकिलाक्को रेयाक् लाहा खोन पता लागावआर दोहोजोगाव रेयाक् जारूड़ कोमाव होयोक्आ। एएमसीए दोट्विन-इंजन, मीडियम-वेट आर मल्टीरोल स्टील्थ लड़ाकू विमान रूप रे विकसित होयोक् काना। नोआ हवाई श्रेष्ठता मिशन, गहरे क्षेत्र रे हमला,दुसमानाक् वायु रक्षा प्रणाली निजोर दोहोय आर साटीक हामलाय रेय दाड़ेयाक्आ। नोआ परियोजना होते लाहान्तोक्आक् आयमा तकनीकीकोरेयाक् बेबोहार दो भविष्य रेन मानवां रहित लड़ाकू विमानको,तुरूई पीढ़ी रेयाक् फाइटर जेट कामीहोराको आर उन्नत मिसाइल प्रणालीको रे होय दाड़ेयाक्आ। नोआ दो भारत रेयाक् रक्षाविनिर्माण क्षेत्र रे मित् जारूडान पोंथाको मानावेत् काना, नोआ ते निजी उद्योग रेयाक् भागीदारी बाढ़ाक्आ आर निजदिसाम रक्षा उत्पादन रे नावां रेस ए ञामा।



# सेनाको किरिञ 300 खोन जासती के-9 वज्र तोप, चीन-पाक सीमा रे बाढ़ाक्आ मारक दाड़े

## 23,000 करोड़ रेयाक् मेगा डील उसारागेय ञाम दाड़ेयाक्आ मंजूरी

खोबोरिया

**नावां दिल्ली।** भारतीय थल सेना दो आयाक् तोपखाना दाड़े नावां उसुलको रे इदिय सापड़ाव रे मेनाया। चीन आर पाकिस्तान खोन जानामेन दोहरीसुरक्षा लिलकारको ताला सेना दो 300 खोन जासती के-9 वज्र सेल्फप्रोपेल्ड हॉवित्जर तोपको किरिञ पोंथा रेय बाढ़ाक् काना। नोआ जारूड़आनाक् रक्षा परियोजना रेयाक् अनुमानित लागत टाका पासेच् 23,000 करोड़ टाका रेयाक्को लायेत् काना आर नोआ दो भारतीयसैन्य इतिहास रेयाक् आड़ी माराङ आर्टिलरी अधिग्रहण कामीहोरा रेखोन मित् टेनको मानावेत् काना। सूत्र लेकाते, नोआ प्रस्ताव दो उसारा गे रक्षा खरीद बोर्ड सामाङ रे मंजूरी लागित्ए दोहो दाड़ेयाक्आ। स्वीकृति ञामलेन रे नोआ दो भारतीय कंपनी लार्सन एंडटुब्रो होतेते दक्षिण कोरिया रेयाक् हनव्हा एयरोस्पेस रेयाक्तकनीकी गोड़ों ते बेनावा। नोआ परियोजना दो मेक इन इंडिया आररक्षा क्षेत्र रे निजटेहाड रेयाक् जोस होंय केटेजा। भारतीय सेनादो 2017 रे मुटामुटी 4500 करोड़ टाका ते 100 के-9 वज्र तोपरेयाक् पाहिल खेप ए ऑर्डर लेदा, नोआ दो 2021 धाबिच् ते पुराउलेना। इना तायोम दिसंबर 2023 रे 100 बाड़ती ते तोपको किरिञ लागित् मुटामुटी 7600करोड़ टाका रेयाक् दोसाराक् अनुबंध। नितप्रस्तावित 300 नावां तोपको सेलेदोक् ते सेनावाक् बेड़े रे के-9 वज्र रेयाक् लेखा 500 खोन जासती होयोक्आ। सोसोलहाकोवाक् मेन काना जेनोआ माराङ अधिग्रहण ते भारतीय सेनावाक् फायरपावर रे बाडायाक्ढेरोक्आ आर चीन आर पाकिस्तान बानार मोर्चा रे उनीयाक् सामरिकदाड़े आर हों जासती केटेजोक्आ।



## बीएड परीक्षा परिणाम में सफलता का नया कीर्तिमान, 99.59 फीसद परीक्षार्थी हुए सफल

संताल एक्सप्रेस

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने बीएड सेमेस्टर-1 परीक्षा 2025 (सत्र 2025-27) का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया है। इस बार का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार रहा है, जिसमें छात्रों ने सफलता का एक नया रिकॉर्ड कायम किया है।विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस परीक्षा में कुल 1,724 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से रिकॉर्ड 99.59 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी सफलता का परचम लहराया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने रिकॉर्ड समय में पारदर्शी तरीके से परिणाम जारी कर छात्रों को बड़ी राहत दी है।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद से ही छात्रों में भारी उत्साह का माहौल है। सभी परीक्षार्थी अब विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट ऑनलाइन देख और डाउनलोड कर सकते हैं।

## छात्र - छात्राओं के बीच नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम




**दुमका।** प्रखंड बाल विकास परियोजना कार्यालय दुमका सदर के तत्वाधान में प्लस टू नेशनल हाई स्कूल दुमका में मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी एवं अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, दुमका सदर, अमर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम को दो सत्रों में आयोजित किया गया। जिसके प्रथम सत्र में प्रखंड समन्वयक सुजाता कर्ण के द्वारा मादक पदार्थों के विभिन्न प्रकार और उसके सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उसके कुचक्र से खुद बचने और अपने आसपास के दूसरे लोगों को भी बचाने के तौर तरीके और उसको लेकर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। इसी क्रम में यह भी जानकारी दी गई कि प्रतिबंधित मादक पदार्थ कौन-कौन से हैं और उसकी खरीद बिक्री व तस्करी करना कानूनन अपराध है। अतः इस तरह की किसी भी गतिविधि से बचने और दूसरे को बचाने की जरूरत है। बाल विकास परियोजना दुमका की प्रखंड समन्वयक सुजाता कर्ण के संयोजन व प्लस टू नेशनल हाई स्कूल दुमका के प्राचार्य वसंत कुमार व विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से आयोजित उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम के दूसरे सत्र में किशोर किशोरी आयु वर्ग के स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को अंत में नशा मुक्ति को लेकर सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया नशा से दूर रहने का संकल्प लिया।

## केंद्रीय कारा दुमका में कैदियों को मिला दोहरी राहत का तोहफा




**दुमका।** केंद्रीय कारागार में सोमवार को बंदियों के लिए एक विशेष जेल अदालत सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सुधांशु कुमार शशि के निर्देश पर इस शिविर का संचालन हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य कैदियों को त्वरित कानूनी सहायता देने के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस दौरान आयोजित जेल अदालत में बंदियों की विभिन्न समस्याओं और लंबित कानूनी मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर मौजूद कानूनी विशेषज्ञों ने बंदियों को उनके अधिकारों और सरकार द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कानूनी विमर्श के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कैदियों के लिए एक वृहद चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। डॉक्टरों की विशेष टीम ने जेल में बंद कैदियों के स्वास्थ्य की गहन जांच की और जरूरत के अनुसार दवाओं का मुफ्त वितरण किया। जांच के बाद ही चिकित्सकों ने बंदियों को स्वच्छता, बेहतर पोषण और मौसमी बीमारियों से बचाव के तरीके सिखाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विवेक कुमार ने इस पहल पर बात करते हुए कहा कि जेल में बंद हर व्यक्ति को संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों की जानकारी देना और उन्हें समय पर न्याय दिलाना प्राधिकार की मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बंदियों के कल्याण के लिए इस तरह के शिविर भविष्य में भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**सरैयाहाट।** हंसडीहा महगामा नेशनल हाईवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव के समीप रविवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र के भोड़िया गांव निवासी मुबारक साह(20) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मुबारक साह किसी कार्य से गंगवारा गया था। देर शाम वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बारीडीह गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर हंसडीहा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरैयाहाट भेजा। वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। देवघर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। इस संबंध में हंसडीहा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि अब तक परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। साथ ही उन्होंने बताया कि परिजनों के द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया गया है। फिर भी पुलिस अपने मामले की जांच में जुटी हुई है।

## 10 साल से हाथीपांव का दंश झेल रहा काठीगुंड का लाचार युवक



**काठीकुंड।** काठीकुंड प्रखंड के बलिया गांव से सरकारी दावों और जमीनी हकीकत को झकझोरने वाली एक मर्मस्पर्शी तस्वीर सामने आई है। यहाँ का एक 27 वर्षीय आदिवासी युवक, हिलारिएउस टुडू, पिछले 10 वर्षों से फाइलेरिया (हाथीपांव) जैसी लाइलाज और कष्टदायक बीमारी का दंश झेल रहा है। ढोल-नगाड़ों के साथ शुरू होने वाले सरकारी स्वास्थ्य अभियानों के बीच यह गरीब युवक आज व्यवस्था की बेरुखी और अपनों के सहयोग के अभाव में आंसू बहाने को मजबूर है। पैर में ऊपर आया 10 किलो से ज्यादा मांस, चलना-फिरना हुआ दूभरवक के साथ हिलारिएउस की बीमारी इतनी गंभीर हो चुकी है कि उसके एक पैर में 10 किलोग्राम से भी अधिक अतिरिक्त मांस उभर आया है। पैर की मोटाई सामान्य से कई गुना बढ़ जाने के कारण इस गरीब युवक का उठना-बैठना और चलना-फिरना पूरी तरह बंद हो गया है। असहनीय दर्द और लाचारी के कारण युवक अपने ही घर में कैद होकर रह गया है। बल्कि उसकी स्थिति को बेहद नारकीय बना दिया है।

# एनजीटी की रोक बेअसर, डिग्री कॉलेज निर्माण में खपाया जा रहा अवैध बालू



संताल एक्सप्रेस

**सरैयाहाट।** एनजीटी की रोक के बावजूद सरैयाहाट क्षेत्र में स्थानीय नदियों से अवैध बालू उठाव का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बालू माफियाओं का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि दिनदहाड़े स्थानीय नदियों से बालू का खनन कर विभिन्न निर्माण कार्यों में खुलेआम उपयोग किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सरैयाहाट प्रखंड के कोठिया के समीप निपनिया में लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज में प्रतिदिन स्थानीय नदियों से अवैध रूप से बालू लाकर डंप किया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि एनजीटी के निर्देशों और खनन नियमों की अनदेखी करते हुए लगातार ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू की आपूर्ति की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी इसी निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज परिसर के समीप खनन विभाग ने बड़ी मात्रा में अवैध बालू जब्त किया था। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रखकर पुनः उसी स्थान पर स्थानीय नदियों से बालू का उठाव कर भंडारण किया जा रहा है। इससे प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टरों के जरिए नदियों से बालू निकालकर ठेकेदारों को बेचा जा रहा है।

इसके बावजूद संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। अवैध खनन के कारण जहां सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं नदियों के अस्तित्व और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं खनन विभाग से अवैध बालू खनन और परिवहन पर तत्काल रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में सीओ राहुल कुमार शानू ने बताया कि बालू डम्प की जाँच करवाकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# हॉकी दुमका की नई पारीः विधायक बसंत सोरेन मुख्य संरक्षक और सुमिता सिंह बनीं अध्यक्ष




संताल एक्सप्रेस

**दुमका ।** खेल के विकास को नई गति देने के लिए हॉकी दुमका का सर्वसम्मति से पुनर्गठन कर लिया गया है। रविवार देर शाम दुमका परिसदन में हॉकी झारखंड के पर्यवेक्षक व संयुक्त सचिव सुरजीत झा की देखरेख में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। निवर्तमान उपाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार घोष की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राष्ट्रीय खेल नीति के प्रावधानों के तहत पुरानी समिति को भंग कर नई कार्यकारिणी चुनी गई। नई टीम में स्थानीय विधायक बसंत सोरेन को मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया है। वहीं लेफ्टिनेंट सुमिता सिंह को अध्यक्ष, शंभू कुमार रजक को महासचिव और अमित कुमार राउत को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रिशु आनंद व कुमार आर्यन संयुक्त सचिव बने हैं, जबकि नीतू झा, डॉ. सत्यम कुमार और मनीषा राज वर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में ज्योतिष नेल्सन मुर्मू, पिंकी कुमारी और कुणाल उपाध्याय शामिल हैं।संरक्षक मंडल में जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी, डॉ. तुषार ज्योति, राधेश्याम वर्मा, मुस्ताक अली, अशोक चौधरी, डॉ. मनोज कुमार घोष, करुण कुमार राय और संदीप कुमार को जगह मिली है।खेल को पारदर्शी और खिलाड़ियों के अनुकूल बनाने के लिए कई अहम उपसमितियों का भी गठन किया गया है। चयन समिति की कमान अजीत कुमार बास्की को सौंपी गई है, जबकि एथिक्स कमिटी के अध्यक्ष सचिन कुमार नंदी बने हैं। इसके अलावा शोभा कुमारी को यौन उत्पीड़न निवारण समिति, रौदोषी मुखर्जी को एथलीट समिति और मोनिका राउत को शिकायत निवारण समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं, कार्यक्रम के अंत में खेल जगत की महान हस्ती पद्मश्री जसपाल राणा को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जरमुंडी विधायक प्रतिनिधि मिथलेश कुमार, संताल परगना के विभिन्न जिलों से आए खेल पदाधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

## दुमका कुश्ती खेंल की वार्षिक आमसभा आयोजित



**दुमका।** दुमका परिसदन में रविवार देर शाम आयोजित वार्षिक आमसभा की बैठक में दुमका जिला कुश्ती संघ का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। झारखंड राज्य कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव सह नियुक्त पर्यवेक्षक संजीव झा की गरिमामयी देखरेख में नई टीम का चुनाव बिना किसी विरोध के बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।पुरानी कमेटी भंग, नई टीम में इन्हें मिली कमानबैठक की अध्यक्षता निवर्तमान उपाध्यक्ष प्रदीप्त मुखर्जी ने की।

## मुहर्रम को लेकर हथनामा, बेलटिकरी लगवा में तजिया के साथ निकलेगी जुलूस

**जरमुंडी प्रतिनिधि।** जरमुंडी थाना परिसर में सोमवार को मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। यह बैठक जरमुंडी बीडीओ कुंदन भगत, जरमुंडी एसडीपीओ नवल किशोर सिंह के उपस्थिति में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दयानंद साह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रुप से आगामी मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहाद्र के साथ मनाए जाने को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर एसडीपीओ ने प्रखंड क्षेत्र में मोहर्रम मनाए जाने वाले गांव से निकलने वाले तजिया, भाईचारे के साथ मनाए जाने की अपील किया।

## राज्यसभा मद से निर्मित पुलिया में अनियमितता की शिकायत, जांच की मांग



संताल एक्सप्रेस

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के गोलबंधा पंचायत के गोलपुर गांव में राज्य सभा सांसद निधि से निर्मित पुलिया निर्माण में ग्रामीणों ने अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। सोमवार को ग्रामीणों ने पुलिया बनते ही धंसने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। गोलपुर गांव के ग्रामीण इन्द्रियास हेंब्रम, मुरारी राय, जोगणिया हेम्ब्रम, ज्योतिष हेम्ब्रम, अकलू राय आदि ग्रामीणों ने बताया कि यहां पुल का निर्माण 20 साल पूर्व कराया गया था। जो जर्जर हो चुका था। नए सिरे से राज्यसभा सांसद निधि से तीन लाख की लागत से पुल बनाने की पहल हुई । आश जगी कि अब अच्छी तरह बनेगी। लेकिन पहले से और भी संकीर्ण बना दिया गया है। वहीं पुलिया बनते ही दरार पड़ कर धंसने के कगार पर है। इस पुलिया से गोलपुर के दो पहाड़ और पूरा बहियार का समूचा बरसात का पानी इसी पुल से गुजरता है। जिस प्रकार से यह पुलिया संकीर्ण बनाया गया है कि एक जोरदार बारिश का पानी से ही टूट सकता है। आने वाले समय में पुलिया टूटने से गोलपुर के 665 परिवार की लगभग साढ़े तीन हजार आबादी प्रभावित हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यहाँ बड़ा पुल बनना चाहिये क्योंकि बरसात के समय बहियार में जलस्तर बढ़ने से इसके ऊपर पानी बहता है। फिलहाल ग्रामीण इस प्रकार के पुलिया निर्माण कार्य से संतुष्ट नहीं है। एक बड़ी गाड़ी गुजरते ही पुलिया पुनः टूट सकता है। मौके पर मिलू मुर्मू, लनिनी मुर्मू, जिरिया देवी,कारनेला पांवरिया, नीला मरांडी आदि ने विभाग से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस पर जब ग्राम प्रधान आईनेस किस्कु से बात करने पर बताया कि गांव वालों की शिकायत आयी है कि पुलिया का काम ठीक से नहीं किया गया। बरसात में पानी का बहाव में टूट सकता है। पुलिया अच्छी और टिकाऊ बने जो सालों साल चल सके। वहीं कनीय अभियंता राकेश वर्मा को फोन करने पर कॉल अटेंड नहीं किया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**हंसडीहा।** हंसडीहा-गोड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग-133 पर रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र के भोड़िया गांव निवासी 20 वर्षीय मुबारक शाह के रूप में हुई है। वह किसी काम से गंगवारा गया था और वहां से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बारीडीह गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सरैयाहाट भेजा। वहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव उन्हें सौंप दिया। पुलिस फिलहाल अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**हंसडीहा।** हंसडीहा-गोड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग-133 पर रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र के भोड़िया गांव निवासी 20 वर्षीय मुबारक शाह के रूप में हुई है। वह किसी काम से गंगवारा गया था और वहां से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान बारीडीह गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सरैयाहाट भेजा। वहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए देवघर रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव उन्हें सौंप दिया। पुलिस फिलहाल अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है।

## पेट्रोल पंप संचालकों की मनमानी से लोग परेशान

**मसलिया नाला।** दुमका मुख्य मार्ग पर स्थित मसलिया प्रखंड क्षेत्र के दो पेट्रोल पंप दलाही और रांगा इन दिनों अपने संचालन को लेकर चर्चा में हैं। रविवार को दोनों पेट्रोल पंप बंद रहने से राहगीरों, ग्रामीणों तथा वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहिया, चारपहिया समेत बड़े वाहनों के चालक पूरे दिन पेट्रोल की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे। पेट्रोल पंप बंद होने का लाभ उठाते हुए कुछ दुकानदारों ने खुले बाजार में पेट्रोल की बिक्री शुरू कर दी, जहां लोगों को 106 रुपये प्रति लीटर की जगह 120 रुपये तक चुकाने पड़े। मजबूरी में कई वाहन चालकों ने अधिक कीमत देकर पेट्रोल खरीदा। ग्रामीण रामलाल हेम्ब्रम, विनोद राय और विवेक यादव ने बताया कि पहले क्षेत्र में पेट्रोल पंप नहीं होने के कारण लोगों को दुमका और कुंडहित पर निर्भर रहना पड़ता था। इस वर्ष क्षेत्र में दो पेट्रोल पंप खुलने से लोगों को उम्मीद जगी थी कि ईंधन की समस्या दूर होगी, लेकिन संचालकों की कथित मनमानी के कारण परेशानी पहले जैसी ही बनी हुई है।

## खराब पड़ा चापाकल, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड अंतर्गत रांगा पंचायत के झिलुवा गांव स्थित राय टोला में पिछले एक माह से चापाकल खराब पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राय टोला में लगभग 10 परिवार निवास करते हैं और पूरे टोले के लिए मात्र एक ही चापाकल उपलब्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि चापाकल से कभी पानी निकलता है तो कभी नहीं, जिसके कारण लोगों को पीने, नहाने और घरेलू कार्यों के लिए पानी जुटाने में काफी कठिनाई हो रही है। ग्रामीण साधु राय, नंदलाल राय, बंदना कुमारी, सावित्री देवी, सिपाली देवी तथा तुलसी देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि चापाकल खराब होने के कारण उन्हें दूर-दराज के जलस्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गर्मी और उमस के इस मौसम में पानी की समस्या और भी गंभीर हो गई है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक चापाकल की मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं पेयजल विभाग से अविलंब खराब चापाकल की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पानी का संकट और गहरा सकता है। ग्रामीणों ने जनहित में शीघ्र कार्रवाई कर राय टोला के लोगों को राहत पहुंचाने की अपील की है।

## जल्द शुरू होगा अत्याधुनिक तारामंडल : डीसी



**दुमका।** दुमका के शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बन रहे अत्याधुनिक तारामंडल भवन का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण स्थल पर पहुंचकर प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए।निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि तारामंडल का मुख्य ढांचा और निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। इस गति को बनाए रखने के लिए उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि वे बचे हुए फिनिशिंग के कामों को तय समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता इसे जल्द से जल्द आम जनता और विद्यार्थियों के लिए शुरू करने की है।उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने इस परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तारामंडल दुमका जिले के लिए एक ऐतिहासिक सौगात साबित होगा। यह न केवल उपराजधानी के आकर्षण को बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय छात्रों में विज्ञान, तकनीकी और खगोल विज्ञान के प्रति एक नई जिज्ञासा पैदा करेगा। आने वाले दिनों में यह केंद्र शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में दुमका को पूरे राज्य में एक विशिष्ट पहचान दिलाएगा।

## रानीश्वर में सूखा कचरा प्रबंधन अभियान शुरु



**दुमका।** जिले के रानीश्वर प्रखंड में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई। हरिपुर पंचायत सचिवालय परिसर में सूखा कचरा प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार सोरेन तथा उप विकास आयुक्त ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रानीश्वर प्रखंड की आठ चयनित पंचायतों हरिपुर, पाटजोर, सुखजोड़ा, गोविंदपुर, आसनबनी, रंगालिया, कुमीरदाहा और सादीपुर में सूखा कचरा प्रबंधन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अब घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य शुरू किया जा रहा है।उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से संग्रह, छंटाई, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग सुनिश्चित कर पर्यावरण संरक्षण के साथ संसाधनों की बचत करना है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज पारंपरिक रूप से प्रकृति संरक्षण और प्लास्टिक के सीमित उपयोग की संस्कृति से जुड़ा रहा है, जो आज के दौर में प्रेरणादायक है। विधायक आलोक कुमार सोरेन ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब इसमें आम लोगों की सक्रिय भागीदारी होगी। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर चिंता जताते हुए कहा कि प्लास्टिक जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है और खुले में फेंकने से मिट्टी प्रदूषित होती है, इसलिए सूखे कचरे का सही प्रबंधन बेहद जरूरी है। इस अवसर पर पांच पंचायतों को सूखा कचरा प्रबंधन के लिए ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई। कल्याण विभाग के तहत तालडंगाल पंचायत के रेश्मा ग्राम की लाभुक समिति को पारंपरिक वाद्य यंत्र प्रदान किए गए, जबकि विभिन्न गांवों के मांझी हाड़ाम, नाईके और गौड़ेत को पूजन सामग्री वितरित की गई।

## दुमका में सेंटर फॉर ईवी व्हीकल्स की शुरुआत

**दुमका।** झारखंड के तकनीकी शिक्षा जगत में सोमवार को एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए सेंटर फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी का भव्य उद्घाटन किया है।झारखंड सरकार द्वारा स्थापित और पीपीपी मोड के तहत टेक्नो इंडिया ग्रुप द्वारा संचालित इस कॉलेज के होनहार छात्रों ने अपने फाइनल ईयर प्रोजेक्ट्स के दम पर इस अत्याधुनिक ईवी हब को धरातल पर उतारा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर कॉलेज के सभी संकाय सदस्य, छात्र, अभिभावक, पूर्व छात्र और कई इंडस्ट्रियल पार्टनर्स मुख्य रूप से मौजूद रहे। दिल्ली के भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट में गूंजा दुमका का नाम, राष्ट्रीय स्तर पर मिली बड़ी पहचान इस सेंटर के तहत तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स की गूंज देश की राजधानी तक पहुंच चुकी है। कॉलेज के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के वर्ष 2022-26 और 2021-25 बैच के अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा निर्मित इन इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रोजेक्ट्स को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रतिष्ठित भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में इन प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया गया था। वहां पावर ग्रिड, एनटीपीसी और एनएचपीसी जैसी देश के दिग्गज पावर सेक्टर कंपनियों के विशेषज्ञों ने छात्रों की इस तकनीकी कुशलता की जमकर सराहना की।

**प्रशासनिक और तकनीकी दिग्गजों का जुटा जमघट**

इस अत्याधुनिक सेंटर का आधिकारिक उद्घाटन सोमवार को कॉलेज परिसर के सेमिनार हॉल में बेहद गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त अभिजीत सिन्हा, विशिष्ट अतिथि झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के कुलपति प्रोफेसर डॉ. डी.के. सिंह, सम्मानित अतिथि डीटीओ मृत्युंजय कुमार, टेक्नो इंडिया ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. सुदीप्तो चक्रवर्ती, दुमका इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. गणेश शंकर और वाइस प्रिंसिपल डॉ. रतन कुमार बोस।सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और छात्रों के इस अभिनव प्रयास को देखकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बेलदाहा में नाग बाबा का पूजा शुरु

**जरमुंडी प्रतिनिधि ।** जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत बेलदाहा गांव में अवस्थित प्रसिद्ध नाग मंदिर में ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी तिथि (अंबुवाची) पर सोमवार को पनढार की रस्म के साथ अनंतादि अष्ट नागों की 15 दिवसीय विशेष पूजा के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बेलदाहा नाग मंदिर के पुजारी नागेश्वर पंडा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष पनढार के साथ ही प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश गांवों में सात्विक आहार विहार और नियम निष्ठा के साथ नाग देवता के पूजन की तैयारी शुरू कर दी जाती है। श्रद्धालुओं के घरों में मांसाहार के साथ साथ लहसुन-प्याज आदि तामसिक पदार्थों का सेवन बंद हो जाता है।

## गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ कार्यशाला आयोजित



**सरैयाहाट।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में अंचलाधिकारी राहुल कुमार शानू की उपस्थिति में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में इन्यूमरेशन चरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी बीएलओ को दी गई।प्रशिक्षण के दौरान डिजिटाइजेशन, एएसडी सूची तैयार करने तथा गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रह की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे तथा भरे हुए प्रपत्रों को प्राप्त करेंगे। प्रत्येक मतदाता से प्रपत्र प्राप्त करने के लिए बीएलओ को अधिकतम तीन बार संबंधित घर का भ्रमण करना होगा।कार्यशाला में मतदाताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरणों एवं गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज कर अपडेट एवं अपलोड करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए तथा किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होना चाहिए।दस्तावेजों के संबंध में बताया गया कि जिन मतदाताओं का जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले हुआ है, उन्हें केवल अपना दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। वहीं 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे व्यक्तियों को अपने दस्तावेज के साथ माता या पिता में से किसी एक का दस्तावेज देना अनिवार्य होगा। जबकि 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे मतदाताओं को अपने दस्तावेज के साथ माता एवं पिता दोनों के दस्तावेज जमा करने होंगे।अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर के दौरान निर्धारित 11 प्रकार के दस्तावेजों में से किसी एक की स्व-सत्यापित प्रति जमा कराना आवश्यक है।